कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024

वर्ष 5, अंक 352, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी 14

थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 13


# पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

### कैबिनेट के फैसले



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

# रातों-रात बुलडोजर से घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई, अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर राज्यों को जारी किए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या?

### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई से पहले अपनी भूमि अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।






# हैरिस हारीं, ट्रंप की वापसी

## 4 साल के अंतराल के बाद फिर चुने गए अमेरिका के राष्ट्रपति

## ट्रंप को निर्वाचक मंडल के 292 व हैरिस को हासिल हुए 224 वोट

वाशिंगटन, एजेंसी



डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। उनकी जीत को अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी करार दिया जा रहा है। व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी से जुड़े 34 आरोपों में दोषी करार दिए गए और एक पोर्न स्टार को मुंह बंद रखने के एवज में पैसे देने के मामले में फैसले का इंतजार कर रहे ट्रंप एक कड़े मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को मात देने में कामयाब रहे। ट्रंप चार साल के अंतराल के बाद एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए। वह 2020 में व्हाइट हाउस की दौड़ में हार गए थे, जिसके बाद उनके समर्थकों ने अमेरिकी कैपिटल (संसद परिसर) में तोड़फोड़ और आगजनी की थी।

बुधवार देर रात उपलब्ध जानकारी के अनुसार ट्रंप और हैरिस को क्रमशः 292 और 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल हो चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप (78) अमेरिकी इतिहास में देश के राष्ट्रपति चुने जाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं। उन्होंने विस्कोन्सिन में जीत के साथ राष्ट्रपति चुनाव में विजयी घोषित किए जाने के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में समर्थकों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने अपनी जीत का एलान किया और जनादेश को अभूतपूर्व एवं शक्तिशाली करार दिया। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अपनी हत्या की दो नाकाम कोशिशों का जिक्र करते हुए कहा कि कई लोगों ने मुझसे कहा कि भगवान ने एक खास कारण से मेरी जान बख्शी है। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका के लिए वाकई स्वर्णिम युग होगा। यह शानदार जीत है, जो हमें अमेरिका को फिर से महान बनाने में मदद करेगी। यह एक ऐसा आंदोलन था, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा था। कहा कि हम अपनी सीमाओं को दुरुस्त करने जा रहे हैं, हम अपने देश के बारे में सब कुछ ठीक करने जा रहे हैं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को जीत की बधाई : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ब्रिटिश प्रधानमंत्री केयर स्टॉर्मर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने ट्रंप को व्हाइट हाउस में वापसी की बधाई दी।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भारत के निर्यात पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं ट्रंप

ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने का असर भारत के निर्यात पर देखने को मिल सकता है। ट्रंप भारत को टैरिफ किंग यानी अमेरिकी सामान पर ज्यादा टैक्स लगाने वाला देश बताते रहे हैं। ट्रंप ने 17 सितंबर को चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि आयात शुल्क के मामले में भारत बहुत सख्त है। मेरी सरकार आती है तो भारत पर टैरिफ शुल्क कम करने का दबाव बनाएंगे। एच1बी वीजा प्रोसेस में भी मुश्किल हो सकती है।

# डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

## मृतकों में 6 महिलाएं, बाइक सवार को बचाने में हुई दुर्घटना

- हरदोई के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर रोशनपुर के पास हुई दुर्घटना
- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने जताया शोक, घायलों के इलाज का निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर 12 बजे एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बड़ा हादसा हो गया। बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 लोग गंभीर हैं। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। मृतकों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और 2 युवक शामिल हैं। हादसे में मारे गए सभी लोग ऑटो में सवार थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को 2- 2 लाख रुपये व घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाने और घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए। उधर, सूचना मिलने पर एसपी नीरज कुमार जादौन मय टीम मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के समुचित इलाज के लिए डाक्टरों को निर्देशित किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे एक सीएनजी आटो माधौगंज से 15 सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच एक बाइक सवार को बचाने में सामने से आ रही डीसीएम से जा टकराया। चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की स्थिति भी नाजुक है। उधर, हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित होकर सड़क जाम करने लगे। पुलिस ने किसी तरह शांत कराया ।

**इनकी गई जान :** माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल हैं।

> डीसीएम व आटो के बीच में बाइक सवार के अचानक आ जाने पर हादसा हुआ। आटो चालक घायल है, वह उपचाराधीन है। डीसीएम का चालक फरार है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद उसे मृतकों के परिजनों को सौंप दिया गया। **-प्रशांत कुमार-द्वितीय**, आईजी लखनऊ परिक्षेत्र।

### एक नजर

### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है, जिसके आधार पर पुलिस ने बिधाननगर दक्षिण थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

### आइस और हेरोइन के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक किलोग्राम मेथामेफ्टामाइन और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मेथामेफ्टामाइन को आइस या फिर क्रिस्टल मेथ के नाम से भी जाना जाता है, जो एक तरीके का मादक पदार्थ है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान अमृतसर के भकना कलां गांव के रकरणदीप सिंह (22), तरनतारन के चोहला साहिब गांव के रहने वाले जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है।

### ड्यूटी के दौरान कृपाण पर लगी रोक हटे

**चंडीगढ़।** युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन ब्यूरो के सिख कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कृपाण धारण करने से रोकने के हालिया निर्देश को तुरंत वापस लेने का आग्रह किया है। झिंजर ने कहा कि नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा 30 अक्टूबर को जारी निर्देश, जिसमें सिख कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कृपाण धारण करने से रोका गया है, पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# सनातन धर्म में सभी को धारण करने की क्षमता

- मोहन भागवत बोले- रामायण से मिलती है जीवन जीने की सीख

संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि ऋषि-मुनियों के कठोर परिश्रम से भारत की नींव रखी गई। हम मूल रूप से एक हैं। सनातन का भी यही मूल है, इसमें सभी को धारण करने की क्षमता है। आज देश में धर्म-अधर्म की लड़ाई चल रही है। ऐसे में ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है कि धर्म के पक्ष में खड़े हो जाएं। प्रभु राम ने धर्म को जीकर दिखाया है। संघ प्रमुख ने स्व. रामकिंकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कथा कृपा स्वरूपा थी और यही हमारे राष्ट्र का आधार है। जीवन को कुंदन करने के लिए रामकिंकर जी जैसे महान संतों को सुनने की आवश्यकता है।

# सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है, तथा इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

# एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, 7500 किग्रा वजन की सीमा तय

वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे। पीठ के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जो यह दर्शाते हों कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि एलएमवी लाइसेंस धारक, जो अधिकतम समय वाहन चलाते हैं, उनकी शिकायतों को खारिज नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रॉय के अलावा पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बुधवार को पुणे से 23 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके का निवासी गौरव विलास अपुने इस मामले में गिरफ्तार 16वां आरोपी है।

यहां की एक अदालत ने गौरव को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत पर भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गौरव महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी पर हमले की साजिश में शामिल था, जिसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

**उपलब्धि** यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

# जेब में लेकर चलिए आरओ, साल का खर्च 50रुपये

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे जेब में भी लेकर चला जा सकता है और पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग 50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। **-डॉ. जेपी सिंह**, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।

## आज का मौसम

धूप खिलेगी और आसमान साफ रहेगा

30.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के एलटी- 10 सभागार में सेमिनार सुबह 10 :30 बजे
- मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के वार्षिक उत्सव पर एक शाम श्रीखाटू बाबा के नाम का आयोजन शाम 7 :30 बजे
- रोहिलखंड विश्वविद्यालय के शिव शक्ति मंदिर में छठ पूजा शाम 4 बजे से
- इज्जत नगर के आलोक नगर स्थित शिव-पार्वती मंदिर में छठ पूजा शाम 4 बजे
- आईवीआरआई के स्वामी विवेकानंद सभागार में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ राघवेंद्र भट्टा का निरीक्षण सुबह 9 :15 बजे
- चौकी चौराहे पर नेहरू की प्रतिमा दोबारा स्थापित करने की मांग को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी नगर निगम में मेयर और नगर आयुक्त को अपराह्न 3 बजे देगी ज्ञापन
- महिला कल्याण बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य की सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक दोपहर 2 बजे
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से प्रभात नगर स्थित कार्यालय पर बैठक शाम 4 बजे
- समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला एवं महानगर की संयुक्त मासिक बैठक दोपहर 12 बजे
- 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वालीबॉल प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज में सुबह 9 बजे से
- श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी अंडर -19 का मैच सुबह 8 बजे
- श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर से सात शाम श्याम श्याम के नाम कार्यक्रम का आयोजन कुर्मांचल नगर में शाम 6 :30 बजे



## मिटाई छठी मईया... रउए असरा हमार





एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय हमेशा की तरह छठ पूजा के लिए बुधवार को सज गया। बृहस्पतिवार को छठ पूजा के तीसरे दिन महिलाएं यहां तालाब पर सूर्य को अर्घ्य देने के लिए इकट्ठी होंगी। बुधवार को महिलाओं ने निर्जल व्रत रखा और सूर्यास्त के बाद ठेकुआ, गुड़ की खीर और रोटी का भोग छठ मैया को लगाकर खरना की रस्म पूरी की। इसके बाद सामूहिक रूप से बनाए हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया। ● खबर पेज- 5 पर

# हाउस टैक्स : स्वकर प्रणाली अब 31 दिसंबर लागू रखने का फैसला

### पार्षद राजेश के नेतृत्व में ज्ञापन के बाद मेयर के निर्देश पर निर्णय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यापारियों ने प्रदर्शन कर नगर निगम अफसरों पर लगाए मनमानी के आरोप
- कहा- स्वकर प्रणाली बंद कर जनता का शोषण करना चाहते हैं अधिकारी

**अमृत विचार:** हाउस टैक्स बिलों में गड़बड़ियों के ठीक होने से पहले ही स्वकर प्रणाली बंद करने के फैसले के खिलाफ बुधवार दोपहर पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में व्यापारियों समेत तमाम लोगों ने नगर निगम में प्रदर्शन किया। मेयर उमेश गौतम और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा को ज्ञापन भी दिया। इसके बाद स्वकर प्रणाली के तहत टैक्स जमा करने की सुविधा 31 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी गई।

प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों ने कहा कि एक तो नियमों के खिलाफ मनमाने तरीके से टैक्स लगाया गया है। ऊपर से न स्वकर फार्म जमा किए जा रहे हैं न ही टैक्स निर्धारण पर आपत्ति ली जा रही है। यह स्थिति तब है जब न संपत्तियों का मिलान हो पाया है और न ही शत-प्रतिशत बिल बांटे जा सके हैं। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि स्वकर प्रणाली बंद करना सीधे तौर पर जनता का शोषण है। स्वकर के फार्म तब तक स्वीकार किए जाने चाहिए जब तक नगर निगम हाउस टैक्स की सारी गड़बड़ियों को ठीक न कर ले।



मेयर उमेश गौतम को ज्ञापन देते पार्षद राजेश अग्रवाल। ● अमृत विचार

नगर निगम में प्रदर्शन के दौरान काफी देर गहमागहमी रही, इसके बाद निर्णय लिया गया कि नगर निगम 31 दिसंबर तक स्वकर के फार्म जमा करेगा। राजेश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि जो भवन किराए पर नहीं उठे हैं, नगर निगम उन पर भी हाउस टैक्स लगा रहा है। इस पर मेयर ने कहा ऐसे भवन स्वामी लिखित रूप से आवेदन दें ताकि उनके घरों पर टैक्स न लगाया जाए। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने आश्वस्त किया कि बिलों में गड़बड़ी पर किसी को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

व्यापारियों ने कर निर्धारण अधिकारी को कई और समस्याएं भी बताईं। विरोध करने वालों में राजीव मोहन, अमृतपाल सिंह, सुरेंद्र सोनकर, संजीव मल्होत्रा, सैयद गौहर, पंकज श्रीवास्तव, राज नारायण, सुधीर गुप्ता, नईम, सुधीर राजपूत, तनुज शर्मा, सुधीर अग्रवाल, अरुण शर्मा, अरविंद अग्रवाल, शिवनाथ चौबे, राजेश भाटिया, किशन मेहता, संजीव चौहान, अवधेश, श्याम यादव, रोहित, संजय गुप्ता, संजीव अरोड़ा, गुलाम गौस, दीपक राठौर, विजय चंद्र, अजीत अग्रवाल डॉ सत्येंद्र, संजय, नरेश विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

# भीड़ बढ़ी तो 20 स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाई

### रेलवे ने ट्रेनों में पैर रखने को जूझ रहे यात्रियों को दी राहत, कई ट्रेनों के फेरे बढ़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** त्योहारी सीजन में 100 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन होने के बाद भी यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो रही है। इससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 20 स्पेशल ट्रेनों के संचालन में विस्तार किया है।

मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के अनुसार चंडीगढ़ से गोरखपुर चलने वाली 04518, 04517 के दो फेरे, आनंद बिहार टर्मिनल से जयनगर चलने वाली 04060, 04059 और दिल्ली से डिब्रूगढ़ चलने वाली 04068,04067 के चार फेरे, आनंद बिहार टर्मिनल से गोरखपुर चलने वाली 04044, 04043 का एक फेरा बढ़ाया गया है। साथ ही फिरोजपुर कैंट से पटना को चलने वाली 04678,04677 के दो फेरे बढ़ाए गए हैं। वहीं बरौनी से जम्मूतवी चलने वाली 04646, 04645 के दो फेरे बढ़ाए गए हैं। मुरादाबाद मंडल की कुल 20 ट्रेनों के फेरों में यात्रियों को राहत देने के लिए विस्तार किया गया है।

**छठ पूजा को लेकर इन गाड़ियों को संचालन शुरू :** छठ पूजा को लेकर रेलवे की ओर से बुधवार से 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी, 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआं विशेष गाड़ी, 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी, 09044 गोरखपुर-दहानू रोड विशेष गाड़ी,



बरेली जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

मऊ-कोलकाता विशेष गाड़ी, 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी, 05005 गोरखपुर-अमृतसर विशेष गाड़ी, 04043 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी, 01416 गोरखपुर-पुणे विशेष गाड़ी 05029 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी, 05003 गोरखपुर-दिल्ली विशेष गाड़ी, 03134 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी, आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर विशेष गाड़ी, 01415 पुणे-गोरखपुर विशेष गाड़ी, 03133 सियालदह-गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचालन शुरू कर दिया गया है।



## राष्ट्रीय विद्यालयी वालीबॉल का रंगारंग आगाज

राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर बुधवार को 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ। कई स्कूलों की छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने के बाद मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। बालक और बालिकाओं के शुरुआती मुकाबलों में अलग-अलग राज्यों से आई टीमों ने जमकर दमखम दिखाया। इस दौरान शहर के तमाम युवा और खेल प्रेमी भी ग्राउंड पर जमे रहे। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। ● खबर पेज- 5 पर



# छह महीने में थम गई 234 शिशुओं की सांसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला महिला अस्पताल में गंभीर हालत में पहुंच रहे बच्चे
- गर्भवतियों को जागरूक करने वाली समिति का पता नहीं

**अमृत विचार :** शासन की ओर से शिशु-मृत्यु दर कम करने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, हर अस्पताल में शिशु सरंक्षण समिति का गठन कर दिया गया है, इसके बाद भी शिशु-मृत्यु दर का ग्राफ बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार पिछले छह महीने में जिला महिला अस्पताल में जन्मे और गंभीर हालत में आने वाले 234 शिशुओं की मौत हो चुकी है। औसतन हर महीने 40 से अधिक शिशु की मौत हो रही है।

देहात के स्वास्थ्य केंद्रों से प्रसव के बाद गंभीर हालत में शिशुओं को जिला महिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। यहां 234 नवजात ने इलाज के दौरान दम तोड़ा है। यह आंकड़ा वर्ष 2024 के जून से अक्टूबर तक का है। मासूमों की मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शिशु-मृत्यु दर कम करने के प्रयास हवाई साबित हो रहे हैं।

### ये है समिति का काम

विभागीय अधिकारियों के अनुसार समिति के ओपीडी में आने वाली गर्भवतियों को जांच के दौरान से ही स्वस्थ बच्चे के जन्म को लेकर जागरूक करना है। पोषण आहार, संतुलित दिनचर्या के साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच समेत अन्य बिंदु के बारे में जानकारी देना है। प्रसव के बाद अगर किसी कारण वश नवजात की मौत हो जाती है तो इसका ऑडिट कर ये पता लगाना है कि किस कारण से बच्चे की मौत हुई है।

> शिशु सरंक्षण को लेकर लगातार स्टाफ मरीजों को जागरूक कर रहा है। वहीं बीते सालों की तुलना में अस्पताल में शिशु मृत्यु दर घटी है। जिन बच्चों की मौत हुई है, इनमें अधिकांश देहात से गंभीर हालत में रेफर किए गए थे।
>
> **- डॉ. त्रिभुवन प्रसाद,** सीएमएस, जिला महिला अस्पताल

# करीब 15 हजार घरों में आज 12 घंटे गुल रहेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कांधरपुर सब स्टेशन पर कराया जाएगा टेस्टिंग का काम
- पांच की जगह लगाया गया है 10 एमवी का ट्रांसफार्मर

**अमृत विचार:** 33/ 11 केवी कांधरपुर सब स्टेशन पर पांच की जगह 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसको लेकर गुरुवार को टेस्टिंग का काम कराया जाएगा। क्षेत्र के 15 हजार लोगों को 12 घंटे बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को शटडाउन की जानकारी दी गई है।

अधिशासी अभियंता हरीश कुमार के अनुसार गुरुवार सुबह 8 से रात 8 बजे तक दूरदर्शन, लालफाटक, झीलगौटिया, पालपुर, कमालपुर, क्यारा, बभिया, खंडेलवाल, एमएफ और एसटीपी फीडर से जुड़े इलाकों में आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा सीबीगंज सब स्टेशन के बरेली 1 फीडर पर गुरुवार को काम कराया जाएगा। सुबह 11 से शाम 5 बजे तक लीची बाग, स्वालेनगर ,रामपुर रोड, आनंद बिहार, जागृती नगर, किला छावनी, चंदन नगर, रजा कॉलोनी आदि क्षेत्र में बिजली गुल रहेगी।

### जगतपुर और महानगर क्षेत्र में बंद रही आपूर्ति

शहर के जगतपुर और महानगर सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में बुधवार को काम कराने के चलते बिजली आपूर्ति बंद रही। 33/11 केवी सब स्टेशन जगतपुर के पीलीभीत बाईपास, सतीपुर, नवादा शेखान, पंचशील नगर, आजाद नगर, जगतपुर, बुखारपुरा, एजाजनगर गौंटिया, चक चुंगी, आकाशपुरम, पशुपति बिहार, रोहलीटोला में टेस्टिंग का काम होने से सुबह 11 से अपराह्न 3 बजे तक बिजली बंद रही। वहीं, कुतुबखाना सब स्टेशन के सरायखाम फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से दोहर 2 बजे तक शटडाउन लिया गया। महानगर सब स्टेशन के महानगर पार्ट 1 और पार्ट 2 पर भी बुधवार सुबह 9 से शाम 5 बजे तक का शटडाउन रहा।

## बाकरगंज में सड़क बदहाल, मेयर को सौंपा पत्र

**बरेली, अमृत विचार** : नगर निगम के बाकरगंज वार्ड में लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। खराब सड़क लोगों को दर्द दे रही है। बुधवार को बड़ी संख्या में स्थानीय लोग नगर निगम पहुंचे और मेयर डॉ. उमेश गौतम को पत्र देकर सड़क दुरुस्त कराने की मांग की। स्थानीय लोगों ने बताया कि कच्ची रोड पर गहरे गड्ढे हैं। मेयर ने समस्या का निदान कराने का आश्वासन दिया। राजवती, सोनम, राजेंद्र, सोमपाल आदि मौजूद रहे।

# नई व्यवस्था : अब छात्रवृत्ति के लिए बॉयोमीट्रिक प्रणाली अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों की बॉयोमेट्रिक कराने की चल रही प्रक्रिया
- समाज कल्याण विभाग करा रहा बॉयोमेट्रिक, जांच को लखनऊ भेजा जाएगा डाटा

**अमृत विचार :** शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृति का लाभ अब बॉयोमिट्रिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही मिल सकेगा। व्यवस्था में फर्जीवाड़े को रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए बॉयोमिट्रिक प्रणाली लागू की गई है। समाज कल्याण विभाग ने कॉलेजों के नोडल अधिकारी बनाए गए प्रधानाचार्यों की बॉयोमिट्रिक कराने शुरू करा दी है।

दरअसल, अभी तक बिना बॉयोमिट्रिक हाजिरी लगाए ही छात्र-छात्राओं को छात्रवृति जारी कर दी जाती थी, जिससे कई बार गड़बड़ियां भी सामने आईं। यही वजह है कि सरकार ने इस बार बॉयोमिट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम लागू कर दिया है। इसके तहत अब छात्र-छात्राओं को स्कूल, कॉलेजों में जाकर अपने अंगूठे का निशान देना होगा। इस व्यवस्था को लागू कराने की जिम्मेदारी जिला स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दी गई है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि, जिले में करीब 750 शिक्षण संस्थान हैं, इसमें स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी हैं और अलग-अलग कोर्स कराने वाले संस्थान। बताया कि कक्षा से 9 से हाईस्कूल , इंटर, बीए, एमए, विभिन्न कोर्स करने वाले छात्र, मेडिकल, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटीआई आदि के विद्यार्थियों को छात्रवृति का लाभ मिलता है। लागू हुई व्यवस्था के तहत कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनकी बॉयोमिट्रिक कराने के लिए कार्यालय पर बुलाया जा रहा है। अब तक लगभग 400 शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों की बॉयोमिट्रिक हो चुकी है। जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा।

इसके बाद नोडल अधिकारी छात्र-छात्राओं की बॉयोमिट्रिक हाजिरी लगवाएंगे, जिससे इस बात की जानकारी हो सकेगी कि कितने छात्र-छात्राएं आते हैं और कितने गैर हाजिर रहते हैं। उसी के अनुसार, छात्रवृति का लाभ दिया जाएगा। विद्यार्थियों का अंगूठा लगने के बाद डाटा को जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा। वहां पर जांच के बाद ही जिला समाज कल्याण विभाग को छात्रवृत्ति देने के आदेश दिए जाएंगे।

### बॉयोमेट्रिक प्रमाणीकरण न हुआ तो छात्रवृत्ति से वंचित रह सकते हैं छात्र-छात्राएं

छात्रवृत्ति के लिए एक जुलाई से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। जबकि पंजीकरण के लिए अंतिम तारीख 31 दिसंबर निर्धारित है। इस तारीख तक पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राओं को पांच जनवरी तक आवेदन की हार्डकापी स्कूल, कॉलेजों में जमा करनी है। आवेदन में सुधार के लिए 29 जनवरी से 5 फरवरी तक मौका मिलेगा। इसके बाद मार्च से छात्रवृत्ति की धनराशि जारी होगी। बॉयोमिट्रिक प्रमाणीकरण न हो पाने की दशा में छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह सकते हैं।



**जाम के शिकंजे में सेटेलाइट तिराहा**

सेटेलाइट तिराहे की सड़कें शहर की सबसे चौड़ी सड़कों में शामिल हैं लेकिन अतिक्रमण ने इन्हें भी तंग बना दिया है। ऑटो और डग्गामार बसों के सड़क पर कब्जा जमाए रखने से आए दिन जाम लगता है। बुधवार को भी तिराहे पर ट्रैफिक की हालत अस्तव्यस्त रही। ● अमृत विचार

# बड़ा बाजार में अवैध निर्माण पर चला बीडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिना नक्शा पास कराए हो रहा मार्केट का निर्माण
- शिकायत मिलने पर बीडीए की टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** बड़ा बाजार में बुधवार को अवैध निर्माण पर बीडीए का बुलडोजर चला। बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार के अनुसार बड़ा बाजार स्थित दर्जी चौक में कुंवर कृपा मार्केट में बिना मानचित्र पास कराए निर्माण हो रहा था। जानकारी मिलने पर टीम जांच करने पहुंची तो शिकायत सही पाई गई। इस पर उसे ध्वस्त कर कुछ हिस्से को सील कर दिया गया। निर्माण न कराने की चेतावनी दी गई है।

साहूकारा के आशीष अग्रवाल ने इस संबंध में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि कुंवर कृपा मार्केट अवैध रूप से बनी थी। पुराने मार्केट को श्रमिकों से गिरवाकर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत पर बीडीए ने निर्माणकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। सचिव योगेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर समेत 10 के खिलाफ रिपोर्ट

## पुष्पेंद्र हत्याकांड का एक भी नामजद आरोपी नहीं पकड़ा गया, 12 संदिग्धों से पूछताछ कर रही है पुलिस

संवाददाता, बरेली/भुता

**अमृत विचार :** भुता के गांव खरदा निवासी किसान पुष्पेंद्र गंगवार उर्फ पुष्पाल (45) की दिनदहाड़े ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या करने के मामले में पत्नी संगीता की ओर से पुलिस ने जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल समेत 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अपराधियों के संपर्क में रहने वाले 12 संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें दबिश दे रही हैं लेकिन अब तक कोई गिरफ्तार नहीं हुआ है।

पुष्पेंद्र की हत्या के मामले में पत्नी संगीता ने 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इनमें जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल का नाम भी शामिल है। संगीता ने बताया कि मंगलवार को उनके पति पुष्पेंद्र बाइक से अपने गांव खरदा गए थे और शाम करीब 4 बजे बरेली लौट रहे थे। रास्ते में दौलतपुर पेट्रोल पंप पर पहले से घात लगाये बैठे सिपिन, विपिन और गौरव निवासी ग्राम बरदा ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी। गोलियां चलनी शुरू हुआ तो लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। तीनों आरोपियों ने फायरिंग करते हुए धमकी दी कि वे उनका वंश मिटा देंगे।

संगीता के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल के भाई पवन ने उनके देवर विनोद की भी 2021 में हत्या कर दी थी। उस मुकदमे में फैसला आने वाला है। आरोपी लगातार समझौते का दबाव बना रहे थे। हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल, अर्जुन सिंह, सौरव, मोहम्मदपुर भजा (पीलीभीत) निवासी देवेन्द्र और चंदपुर निवासी सन्तोष ने कई बार उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी। 2 अक्टूबर को पूरनलाल और ब्रिजेश उर्फ बिरजू ने उनके पति को धमकी दी थी कि तू ऐसे नहीं मानेगा तो तेरा भी हाल विनोद की तरह करना पड़ेगा। तुझे 5-6 दिन में ही ठिकाने लगा दूंगा। पुष्पेंद्र ने इसकी शिकायत भी भुता पुलिस से की थी। इसके बावजूद आरोपियों ने मौका मिलते ही उनके पति की हत्या कर दी। संगीता का यह भी कहना है कि जेल में बंद पवन और पूरनलाल ही हत्याकांड के मास्टर माइंड हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और उनकी तलाश कर रही है।

### गांव में पसरा सन्नाटा भारी पुलिस फोर्स तैनात

हत्या के बाद गांव में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। सीओ फरीदपुर आशुतोष शिवम लगातार गांव में कैंप कर रहे हैं। एसओजी भी आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है लेकिन पुलिस के अब तक एक भी आरोपी हाथ नहीं लगा है। वारदात के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

### सीने और पीठ में मारी थी चार गोलियां

भारी पुलिस फोर्स के बीच पुष्पेंद्र के शव का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्पेंद्र को चार गोली लगने की पुष्टि हुई है। हत्यारोपियों ने पुष्पेंद्र को दो गोली सीने और दो गोली पीठ पर मारी थीं। इससे हमलावरों की यह मंशा साफ हो रही है कि किसी भी कीमत पर पुष्पेंद्र को जीवित न छोड़ा जाए।

> पुष्पेंद्र की पत्नी की ओर से हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल समेत 10 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके साथ 12 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पांच टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> **- अनुराग आर्य,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

### विनोद हत्याकांड के गवाह संदीप को भी दी धमकी

पुष्पेंद्र के भाई विनोद की हत्या पूरनलाल और उसके परिजनों ने इसलिए की थी क्योंकि उन्होंने प्रधान पद का चुनाव लड़ने का एलान कर दिया था। गांव में विनोद की साख के कारण पूरनलाल ने उनकी हत्या कर दी। विनोद हत्याकांड में पुष्पेंद्र और संदीप उर्फ संजू गवाह थे। आरोपियों ने पुष्पेंद्र और संदीप को गवाही देने से मना किया था। दोनों नहीं माने तो पूरनलाल ने जेल में बैठकर सिपिन, विपिन, गौरव, अर्जुन सिंह, सौरव, देवेंद्र, संतोष, ब्रजेश उर्फ ब्रजू और पवन से पुष्पेंद्र की हत्या करा दी। संदीप ने बताया कि पुष्पेंद्र की हत्या के बाद आरोपियों ने गांव पहुंचकर उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो अधिकारियों ने अपनी सुरक्षा खुद करने और दो-चार लोगों को साथ लेकर चलने को कह दिया।

## गुस्साः पांच घंटे तक जाम रखा बीसलपुर मार्ग



बरेली-बीसलपुर मार्ग पर ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करते पुष्पेंद्र के परिजन। ● अमृत विचार

- **पुष्पेंद्र का शव गांव पहुंचने के बाद बेकाबू हुए परिजन और गांव के लोग**
- **हत्यारोपियों के एनकाउंटर और घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग पर अड़े**

**भुता, अमृत विचारः** पोस्टमार्टम के बाद पुष्पेंद्र का शव बुधवार शाम खदरा गांव पहुंचने के बाद गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ बरेली-बीसलपुर मार्ग पर करीब बांच घंटे तक जाम लगाए रखा। लोगों ने मांग की कि पुलिस आरोपियों का एनकाउंटर करने के साथ उनके घरों पर बुलडोजर भी चलाए। छह थानों की पुलिस मौके पर पहुंची तो हालात काबू में आए। एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा ने लोगों को 48 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

जाम लगने की सूचना पर देर शाम पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप भी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन वे हत्यारोपियों के एनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान पूर्व सांसद के साथ लोगों की तीखी नोकझोंक भी हुई। पुष्पेंद्र के साले मेरठ में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात पवन कुमार ने धर्मेंद्र कश्यप पर गुनहगारों को पनाह देने का आरोप लगाया। तनातनी बढ़ी तो पुलिस को बीचबचाव करना पड़ा। पवन ने कहा, जब विनोद की हत्या हुई थी, तब भी हिस्ट्रीशीटर का नाम मुकदमे से निकाल दिया गया था। वह खुद पुलिस विभाग में हैं। गुस्साए दरोगा ने पूर्व सांसद पर कई आरोप लगाए। कहा कि उन्हें इस सरकार में न्याय चाहिए।

शाम पांच बजे लगाया जाम लोगों ने दस बजे तक नहीं खोला। परिजनों ने सड़क पर जमकर हंगामा किया। एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा और सीओ फरीदपुर आशुतोष शिवम समेत एसओजी प्रभारी और छह थानों की पुलिस के ग्रामीणों को समझाने में पसीने छूट गए।

गुस्साए लोग सभी आरोपियों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने के आश्वासन पर सड़क से हटे। परिजनों ने गमगीन माहौल में देर रात पुष्पेंद्र का अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

## गैंगस्टर लगाकर घरों पर चलवाया जाए बुलडोजर

- **परिजनों के साथ एसएसपी से मिलीं पुष्पेंद्र की पत्नी संगीता**
- **एसएसपी बोले- नजीर बनेगी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई**

**बरेली, अमृत विचार :** पुष्पेंद्र की पत्नी संगीता परिजनों के साथ बुधवार दोपहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से मिलीं और हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल समेत सभी हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार कराने के साथ उन पर गैंगस्टर लगाकर उनके घरों पर बुलडोजर चलवाने की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हत्यारोपियों पर ऐसी कार्रवाई की जाएगी तो जिले में नजीर बनेगी।

संगीता ने एसएसपी से कहा कि उनके पति अक्सर कहते थे कि भविष्य में उनके साथ कुछ हो तो वह थाने के बजाय सीधे एसएसपी के पास जाएं तभी उनके परिवार को न्याय मिल पाएगा। एसएसपी ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के साथ पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने का आश्वासन दिया। संगीता बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक हैं। तीन साल पहले जब उनके देवर विनोद की हत्या हुई थी तब वह शिक्षामित्र थीं और अपने संगठन की जिला महामंत्री थीं। 25 जनवरी 2021 को शिक्षक और शिक्षामित्र संघ के नेताओं के साथ उन्होंने तत्कालीन एसएसपी से मिलकर विरोधियों से जान का खतरा जताया था और परिवार के लिए सुरक्षा मांगी थी। अब परिवार कह रहा है कि अगर पुलिस सुरक्षा मिली होती तो यह घटना नहीं होती। पुष्पेंद्र और विनोद दो ही भाई थे। पिता बाबूराम की मृत्यु हो चुकी है और मां गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। पुष्पेंद्र का एक बेटा और एक बेटी है। विनोद के भी एक बेटा, एक बेटी और पत्नी हैं जो भुता में रहते हैं। विनोद की पत्नी किरण भी शिक्षामित्र हैं।

> पुष्पेंद्र की पत्नी संगीता को गनर मुहैया कराया जाएगा। उनके शहर और गांव के घर पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। आरोपियों पर ऐसी कार्रवाई होगी जो भविष्य केलिए नजीर बनेगी। आरोपी दोबारा कभी इस तरह की घटना करने के विषय में सोचेंगे ही नहीं। **- अनुराग आर्य,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

## पुलिस पर भी जानलेवा हमला कर चुका है पूरनलाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **खरदा इलाका गजनेरा का रहने वाला है पुष्पेंद्र हत्याकांड का आरोपी**
- **पूरे परिवार का है आपराधिक इतिहास, गवाही देने से डरते हैं लोग**

**अमृत विचार :** पुष्पेंद्र की हत्या की साजिश में शामिल पूरनलाल और उसके परिजनों का लंबा अपराधिक इतिहास है। सत्ता और दबंगई के बल पर उन्होंने सौ बीघा से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर रखा है। पूरनलाल और उसके परिजन दो बार पुलिस पर भी हमला कर चुके हैं। एक बार तो थानाध्यक्ष को भी फरसा मारकर घायल कर दिया था। इसी कारण इलाके के लोग उसके खिलाफ गवाही देने से डरते हैं।

पोस्टमार्टम हाउस पर गांव के लोगों ने बताया कि पूरनलाल और उसके परिजनों ने बंदूकों के जोर पर गजनेरा में कई लोगों और ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा कर रखा है। जिन लोगों की जमीन कब्जाई है, वे दहशत के कारण शिकायत करने से भी डरते हैं। कि गांव के आसपास नदी किनारे लगे शीशम के पेड़ भी पूरनलाल बंदूकों के दम पर कटवा लेता है। हालत यह है कि वन विभाग के अधिकारी भी पूरनलाल और उसके परिजनों के खिलाफ कार्रवाई करने से डरते हैं।

गांव के लोगों ने बताया कि सत्ताधारियों की सरपरस्ती की वजह से वर्ष 2018-19 में कैलाश नदी के पास मढ़ी पर रहने वाले एक साधु पर फरसे हमला कर दिया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तत्कालीन थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने पूरनलाल के घर पर दबिश दी तो आरोपियों ने उन पर भी फरसे से हमला कर दिया था। वर्ष 2011 में पवन ने एक सिपाही और एक होमगार्ड पर धारदार हथियारों से हमला कर उनकी राइफल छीन ली थी। हालांकि बाद में गवाही न होने के कारण कोर्ट ने पवन आदि को बरी कर दिया था। गांव के लोगों के मुताबिक लगातार आपराधिक वारदातों के बावजूद पूरनलाल पर पुलिस के नर्म रवैया हमेशा बरकरार रहा।

### पुलिस की शह पर करता है अवैध खनन

गांव के लोगों के मुताबिक पुलिस की साठगांठ से पूरनलाल नदी किनारे जमकर अवैध खनन करता है। हर रोज वह खनन से 20 से 25 हजार रुपये की कमाई करता है। डर के कारण गांव के लोग खनन की शिकायत नहीं करते।



पत्नी के साथ पुष्पेंद्र का फाइल फोटो



एसएसपी से मिलकर निकलती पुष्पेंद्र की पत्नी संगीता और परिजन। ● अमृत विचार

### गनर की सुरक्षा में रहेंगी संगीता

विनोद की हत्या के बाद से पुष्पेंद्र अपने परिवार के साथ बारादरी इलाके में पासपोर्ट कार्यालय के पीछे रहने लगे थे। हत्याकांड के बाद एसएसपी ने गांव के साथ उनके घर पर भी फोर्स तैनात कर दी है। एसएसपी ने बताया कि संगीता की सुरक्षा के लिए उन्हें गनर दे दिया गया है ताकि उनके परिवार में अब किसी और के साथ कोई घटना घटित न हों।

## 32 साल की रंजिश, एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

- **आपसी रंजिश और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते एक के बाद एक हत्याएं**
- **1992 में हुई थी सुरेश पाल की पहली हत्या पुलिस से है हिस्ट्रीशीटर की यारी**

**बरेली, अमृत विचार :** खदरा गांव में पुष्पेंद्र की हत्या पहली हत्या नहीं है, पहले भी उनके परिवार के तीन लोगों की हत्या हो चुकी हैं। पिछले 32 साल में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या होने से गांव में दहशत का माहौल है। यह परिवार आपसी रंजिश और राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता की वजह से लगातार शिकार हो रहा है। परिजनों का कहना है कि हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल की स्थानीय पुलिस से नजदीकी है। इस कारण उसके खिलाफ कोई कुछ बोलने से भी कतराता है।

पोस्टमार्टम हाउस पर पुष्पेंद्र के तहेरे भाई गेंदनलाल ने बताया कि गांव में खूनी संघर्ष की शुरुआत 1992 में हुई थी। सबसे पहले उनके तहेरे भाई सुरेश पाल की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया। दो साल बाद 1994 में उनके चाचा रामभरोसे लाल की भी हत्या कर दी गई। उन्हें खेत से लौटते वक्त घेरकर सीने में गोलियां मारी गईं। उनका बच्चा भी उनके साथ था। उस पर भी गोलियां चलाई गई थीं लेकिन वह भागने में सफल हो गया था। इसके बाद 2021 में पुष्पेंद्र के छोटे भाई विनोद की बीच चौराहे घेरकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुष्पेंद्र ने मुकदमा दर्ज कराया था। केस फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। 7 नवंबर को इस केस का फैसला आना था, लेकिन उससे पहले ही आरोपियों ने पुष्पेंद्र की भी हत्या कर दी। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया होता तो पुष्पेंद्र की हत्या नहीं होती।

## हड़ताल से सरनिया मामले की टली सुनवाई

**बरेली, अमृत विचार :** आउटर रिंग रोड के लिए सरनिया में अधिग्रहीत की गई जमीन पर बने स्ट्रक्चर के अधिक मूल्यांकन को लेकर जिलाधिकारी की कोर्ट में दायर ऑर्बिटेशन पर बुधवार को वकीलों की हड़ताल की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। हालांकि, सुनवाई के लिए नई तारीख भी तय नहीं हो सकी है। रिंग रोड बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया। इसमें सरनिया गांव में गाटा संख्या 156 पर सबसे ज्यादा गड़बड़ियां पाई गईं। एनएचएआई दिल्ली की टीम की जांच में मामला उजागर हुआ था। इसके बाद डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में हुई जांच में मूल्यांकन में गड़बड़ी का मामला पाया गया।

## डिवाइडर पर चढ़ी बस, बाल बाल बचे यात्री



जाट रेजिमेंट सेंटर के सामने डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई रोडवेज बस।

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर की ओर से आ रही पीतल नगरी डिपो की रोडवेज बस जाट रेजिमेंट सेंटर के सामने डिवाइडर पर चढ़ गई। तेज झटका लगने से बस में चीखपुकार मच गई। हादसे में यात्रियों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने क्रेन बुलाकर डिवाइडर से बस हटवाई। हादसा बुधवार सुबह करीब 4 बजे हुआ, बस शाहजहांपुर की ओर से आ रही थी। जाट रेजिमेंट सेंटर के पास चालक को झपकी आ गई और बस डिवाइडर पर चढ़ गई। चौकी इंचार्ज नकटिया ने बताया कि किसी यात्री को चोट नहीं आई है। बस को मौके से हटवा दिया गया है। यात्रियों को दूसरी बस से भेजा गया है।

## अपनी शादी के कार्ड बांटने निकले युवक की दोस्त समेत हादसे में मौत

### बरेली से रामपुर अपने घर लौटते वक्त लखनऊ हाईवे पर हुआ हादसा

संवाददाता, बरेली/बिथरी

- **तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में गिरी भारी वाहन ने मारी टक्कर**
- **छत काटकर निकाले गए दोनों के शव, इकलौते बेटे की मौत से परिवार का बुरा हाल**

**अमृत विचार :** अपनी शादी के कार्ड बांटने निकले रामपुर के युवक और उसके हमउम्र दोस्त की लखनऊ रोड पर बिथरी इलाके में आलमपुर मोड़ पर हुए हादसे में मौत हो गई। फरीदपुर की ओर जाते समय उनकी कार अचानक बेकाबू होकर कार डिवाइडर से टकराई और उछलने के बाद दूसरी तरफ जा गिरी। बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार देखकर आशंका जताई जा रहा है कि डिवाइडर के दूसरी ओर गिरकर किसी भारी वाहन ने भी उसे टक्कर मार दी। कार की छत काटकर दोनों शव निकाले गए।

रामपुर शहर की न्यू गंगापुर आवास विकास कॉलोनी निवासी देवेंद्र चौधरी के इकलौते बेटे हिमांशु सिंह (26) की 27 नवंबर को शादी थी। बुधवार को हिमांशु दोस्त जाग्रत सिंह (26) के साथ अपनी शादी के कार्ड बांटने निकले थे। शाम करीब 5.30 बजे दोनों फरीदपुर की ओर से रामपुर की ओर जा रहे थे। बिथरी चैनपुर इलाके में आलमपुर मोड़ पर उनकी कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और उछलकर दूसरी लेन में जाकर कार पलट गई। कार इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई कि उसकी छत चेसिस से चिपट गई। आशंका जताई जा रही है कि दूसरी दिशा में गिरी कार किसी भारी वाहन से टकरा गई। घटना की सूचना मिलने पर बिथरी चैनपुर, इज्जतनगर और फरीदपुर की पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन बुलाकर कार की छत काटकर दोनों शव बाहर निकाले गए। कार में रखे शादी के कार्डों पर छपे मोबाइल नंबर पर युवकों के परिजनों को सूचना दी।

### एक दिन पहले ही खरीदा था बेटे के लिए सेहरा, शव देखा तो गश खाकर गिरे



जिला अस्पताल की मोर्चरी में बेटे के शव को देखते ही देवेंद्र सिंह गश खाकर गिर गए। बोले, हिमांशु की जगह मौत उन्हें आ जाती तो सही रहता। मेरा बेटा लाखों में एक था। रोते हुए बताया कि उन्होंने बेटे के लिए बरेली में स्पेशल ऑर्डर देकर सेहरा बनवाया था, कल ही वह बरेली से सेहरा ले गएथे। अब वह सेहरा उन्हें हमेशा कचोटता रहेगा। देवेंद्र रो-रोकर चीखते रहे। बोले, जाग्रत तू ही उठ जा बेटा, कैसे तेरे घरवालों को मुंह दिखाएंगे। हिमांशु का शव देखकर चीख पड़े, बेटा तू एक बार बोल दे। लोग देवेंद्र सिंह को सांत्वना देते रहे, लेकिन वह संभाले नहीं संभल रहे थे।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार को हटाती क्रेन। ● अमृत विचार

### इकलौते बेटे की शादी की खुशियां मातम में बदलीं

हिमांशु के पिता देवेंद्र सिंह चौधरी के रामपुर में कई स्कूल और कॉलेज हैं। वह जिला पंचायत सदस्य भी हैं। हिमांशु उनके इकलौते बेटे थे। पिता देवेंद्र और मां सविता दोनों इकलौते बेटे की शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे। शादी के लिए ज्यादातर खरीदारी बरेली से की जा रही थी। हादसे ने देवेंद्र और सविता की सारी खुशियां छीन लीं। जाग्रत गाजियाबाद की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था और हिमांशु की शादी की तैयारी के लिए छुट्टियां लेकर आया था। दोनों बचपन के दोस्त थे। दोनों की मौत से शादी की खुशियां एक झटके में मातम में बदल गईं। हिमांशु की मां सविता और पिता देवेंद्र सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। यही हालत जाग्रत के परिवार की है।

### शुरू होने से पहले ही बिछड़ा साथ तो चीख उठी पुष्पिका

हिमांशु की शादी पुष्पिका से होनी थी। जीवन भर का साथ शुरू होने से पहले ही पुष्पिका का साथी बिछड़ गया। रिश्तेदारों ने बताया कि 12 जून को हिमांशु के जन्मदिन पर पुष्पिका परिवार सहित उनके घर आई थीं। दोनों केक काटकर माता-पिता को खिलाया और आशीर्वाद लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुष्पिका चीख उठी। उसका और उसके परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना पर रामपुर से तमाम लोग बरेली पहुंच गए।

> दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। दोनों युवक रामपुर के रहने वाले थे।
> **- आदेश कुमार सिंह,** इंस्पेक्टर बिथरी चैनपुर

## शादी के नौ साल बाद भी नहीं हुई संतान तो विवाहिता को जिंदा जला दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बिथरी चैनपुर के गांव बेनीपुर सादात में घटना, ससुराल वाले घर छोड़कर भागे**
- **बांझ कहकर करते थे प्रताड़ित पति समेत चार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** शादी के नौ साल बाद भी संतान न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की जिंदा जलाकर हत्या कर दी और लाश को घर में पड़ा छोड़ फरार हो गए। गांव के लोगों की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



रूबी का फाइल फोटो

हरदोई जिले के गांव मझिला निवासी सुभाष सिंह के मुताबिक उन्होंने 2015 में अपनी बेटी रूबी की शादी बिथरी चैनपुर के गांव बेनीपुर सादात निवासी रितेश उर्फ माधव के साथ की थी। शादी के बाद कई साल तक कोई संतान नहीं हुई तो ससुराल वालों ने रूबी को बांझ कहकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। रूबी ने इस बारे में उन्हें बताया तो उन्होंने कई बार उसकी ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की लेकिन इसके बावजूद उन पर कोई असर नहीं हुआ।

आरोप है कि मंगलवार दोपहर रिश्तेदारों और परिचितों ने उन्हें रूबी के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। वह अस्पताल पर पहुंचे तो उनकी बेटी की मौत हो चुकी थी। उन्होंने उसके ससुराल वालों से पूछताछ की तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इस पर दोनों पक्षों में काफी विवाद भी हुआ। सुभाष सिंह ने रूबी के पति रितेश, ससुर राकेश सिंह, सास किरन और देवर भीम सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिथरी चैनपुर के थाना प्रभारी आदेश कुमार ने बताया कि सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## लिफ्ट देकर छेड़खानी की, बाइक से कूदकर घायल हुई युवती

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली-दिल्ली हाईवे पर युवती को बाइक पर बैठाने के बाद लिफ्ट देने वाला युवक अश्लील हरकतें करने लगा। युवती ने विरोध किया मगर आरोपी नहीं माना। इस पर युवती चलती बाइक से कूद गई। बिथरी पुलिस ने युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बारादरी थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि वह असम की रहने वाली है। यहां रहकर लोगों के घरों में बर्तन धोने का काम करती है। वह एक रिश्तेदार के यहां दीपावली पर गई थी। मंगलवार रात वापस आ रही थी। फरीदपुर के पास वाहन की व्यवस्था न होने पर एक बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। बाइक सवार ने उसे बैठा लिया और रास्ते में अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर जब वह नहीं माना तो बाइक से कूद गई, जिससे उसके चोट लग गई। बाइक सवार भाग गया। बताते हैं कि घायल युवती को बिथरी पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ हाईवे नितिन कुमार का कहना है कि युवती का बयान दर्ज कर लिया है। हाईवे किनारे रेस्टोरेंट समेत अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

## किच्छा स्टेशन के पास पटरी से उतरी बीसीएम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बहेड़ी-किच्छा सेक्शन में चार घंटे ठप रहा रेल संचालन, रेल अफसरों में मची खलबली**
- **रास्ते में रोकी गईं कई ट्रेनें और मालगाड़ियां, परेशान हुए यात्री**

**अमृत विचारः** किच्छा स्टेशन के पास बुधवार सुबह यार्ड में जाते समय ब्लास्ट क्लिनिंग मशीन (बीसीएम) डिरेल हो गई। इस घटना से रेल प्रशासन में खलबली मच गई। घटना के बाद बहेड़ी-किच्छा रेल मार्ग चार घंटे तक बंद रहा। इसकी वजह से दो यात्री ट्रेन और कई मालगाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ।

बताया जा रहा है कि बुधवार तड़के तीन बजे बहेड़ी स्टेशन पर दो बीसीएम काम करके किच्छा लौट रही थीं। आगे वाली बीसीएम तो निकल गई लेकिन पीछे से आ रही दूसरी बीसीएम ने जैसे ही शंट सिग्नल पार किया, ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने प्वाइंट रिवर्स से नॉर्मल कर दिया। इस वजह से बीसीएम पटरी से उतर गई। आगे की ट्रॉली के चारों चक्के पटरी से उतर गए। इसके बाद आनन-फानन लालकुआं से रिलीफ टीम बुलाकर बीसीएम को पटरी से लाने का काम शुरू किया गया।

सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (स्पार्ट मशीन) की मदद से करीब 5:45 बजे उसे पटरी पर लाया जा सका लेकिन रेलवे ट्रैक बहाल करने में कई घंटे लग गए। चार घंटे बाद सुबह करीब सात बजे ट्रैक को फिट घोषित करने के बाद इस रेलवे लाइन पर ट्रेनों का संचालन बहाल हो सका। घटना की रिपोर्ट मंडलीय अधिकारियों को सौंपी गई है।

### ढाई घंटे खड़ी रहीं आगरा फोर्ट और लालकुआं स्पेशल

बीसीएम डिरेल होने की वजह से ट्रेनों का संचालन बुरी भी प्रभावित हो गया। 15055 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस को देवरनिया स्टेशन पर करीब सवा दो घंटा रोकना पड़ा तो दूसरी तरफ 05046 राजकोट-लालकुआं स्पेशल ट्रेन को भी ढाई घंटा से ज्यादा खड़ा रखा गया। इससे इन दोनों ट्रेनों के यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। कई मालगाड़ियों का संचालन भी प्रभावित हुआ।

### लीपापोतीः अफसरों का डिरेलमेंट होने से ही इन्कार

घटना के बाद इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारी उस पर पर्दा डालने की कोशिश में जुट गए। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने डिरेलमेंट की घटना से ही इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक लेकर काम किया जा रहा था जिसके लंबा खिंच जाने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। क्षमता परीक्षा में फेल कर्मचारियों से काम कराने के सवाल को उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि यह अलग विषय है।

## भैंसों की लड़ाई : तीन सदस्यीय कमेटी आज सौंपेगी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट इलाके में कुछ लोगों ने परंपरा के नाम पर लाठी-डंडों से घेरकर भैंसों की लड़ाई कराई थी। इसका वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले को पीपुल्स फॉर एनीमल्स (पीएफए) संस्था ने गंभीरता लेते हुए जिलाधिकारी और पुलिस से शिकायत की थी। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम को जांच के आदेश दिए थे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने सोमवार को जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था, जिसमें उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी सदर डॉ. ओपी वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मुख्यालय डॉ. मोनिका गुप्ता, क्यारा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश शामिल हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम ने बताया कि कमेटी मामले में जांच कर रही है। बृहस्पतिवार की शाम तक जांच रिपोर्ट आ जाएगी।

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरी चैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
मेडिसिन विभाग
सर्जरी विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
मानसिक रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
न्यूरो विभाग
बाल रोग विभाग
ICU NICU वेन्टीलेटर युक्त
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
7302532226
9758044442

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वास, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# डीएपी संकट: बुवाई नहीं कर पा रहे किसान

## भरे हुए हैं निजी गोदाम, समितियों पर सप्लाई नहीं, 20 फीसदी ही हो पाई जिले में बुवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रबी के सीजन में किसान डीएपी खाद के लिए परेशान हैं। दिवाली से पहले जिले को डीएपी की सप्लाई मिली थी। उसके बाद से रैक न आने से समितियों पर किल्लत बनी है। इससे किसान सहकारी समितियों से मायूस होकर लौट रहे हैं और गेहूं समेत कई फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। हालांकि कृषि विभाग निजी केंद्रों के लिए 300 मीट्रिक टन डीएपी की खेप बुधवार को मिलने का दावा कर रहा है और सहकारी समितियों के लिए भी शीघ्र डीएपी आने वाली है।

जिले में 143 साधन सहकारी समितियां और उर्वरक की 993 निजी दुकानें हैं। जिले के किसान करीब दो लाख हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई करते हैं। इसके अलावा सरसों, लहसुन, आलू और मटर की बुवाई भी की जानी है। बुवाई के समय डीएपी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है जिसकी किल्लत की वजह से जिले में अभी 20 से 22 फीसदी ही बुवाई हो पाई है। बिथरी, शेरगढ़, भुता समेत सभी ब्लॉकों की ज्यादातर समितियों के गोदामों में डीएपी नहीं है।

हालांकि, डीएपी के विकल्प के तौर पर एनपीके का भी इस्तेमाल किया जा सकता है जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध भी है लेकिन किसान इफको की डीएपी ही मांग रहे हैं, जो उन्हें मिल नहीं पा रही है। निजी दुकानों में दूसरी कंपनियों की डीएपी और एनपीके की भरमार है। इसे भी किसान लेने को तैयार नहीं हैं। इधर, कृषि विभाग दावा कर रहा है कि जिले में 3105 मीट्रिक टन डीएपी और 60475 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है।


बंद पड़ी बिथरी चैनपुर की साधन सहकारी समिति।


फरीदपुर में इफको के केंद्रों पर पसरा सन्नाटा।

### दो दुकानदारों पर एफआईआर, कई रडार पर

डीएपी की कालाबाजारी का भी शोर मचा है। 1350 रुपये में मिलने वाली डीएपी की बोरी 1600 रुपये तक बेची जा रही है। इस बारे में कई शिकायतों के बाद कृषि अधिकारी ने दो खाद विक्रेताओं के गोदाम सील कर उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई लेकिन इसके बावजूद ओवररेटिंग की शिकायतें कम नहीं हुई हैं। कृषि विभाग अब शिकायत करने वालों का नाम गोपनीय रखकर कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों को चिह्नित कर रहा है। नवाबगंज और भमोरा क्षेत्र में कई दुकानदार रडार पर बताए जा रहे हैं।

### समितियों पर सिर्फ यूरिया, डीएपी और एनपीके नहीं

**बिथरी, भुता, अमृत विचार :** आंवला क्षेत्र की तमाम सहकारी समितियों पर एक महीने से खाद उपलब्ध नहीं है। बिथरी चैनपुर के सचिव महेंद्र पाल ने बताया कि उनके पास सिर्फ यूरिया बची है। डीएपी दो महीने से समिति पर नहीं है। एनपीके भी पिछले सप्ताह खत्म हो गई है। किसानों को डीएपी के लिए कुछ दिन ओर इंतजार करना होगा।

### मायूसी में घिरे किसान...

समिति पर खाद नहीं है। हर रोज सुबह समिति आकर पता करते हैं लेकिन हर बार इन्कार सुनकर लौटना पड़ता है। बुवाई लेट हो रही है। गांव के तमाम लोग परेशान है। सचिव यह भी नहीं बताते कि कि किसानों को खाद मिल पाएगी या नहीं।
**– सचिन**, बिथरी चैनपुर

कई दिनों से बिथरी ब्लॉक की साधन सहकारी समितियों पर चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है। पिछले महीने एक बार खाद आई थी मगर सुबह होते ही समिति पर लंबी लाइनें लग जाने से डीएपी नहीं मिल पाई थी।
**–ओमप्रकाश**, मुड़िया अहमद नगर

इसी सप्ताह समितियों के लिए डीएपी की रैक आने की संभावना है। गेहूं की बुवाई का सही समय 15 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच है। अधिकांश किसान समितियों से एडवांस डीएपी खरीद रहे हैं। इस वजह से कुछ जगहों पर खाद की कमी है। बुधवार को निजी संस्थाओं के लिए 300 एमटी डीएपी और समितियों के लिए 1300 एमटी एनपीके की रेक उतरी है।
**–ऋतुषा तिवारी**, जिला कृषि अधिकारी

## आईवीआरआई पहुंचे उपमहानिदेशक का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक डा. राघवेंद्र भट्टा दो दिवसीय दौरे पर बुधवार शाम आईवीआरआई पहुंच गए। गुरुवार को वह आईवीआरआई परिसर में राष्ट्रीय स्तर की चार परियोजनाओं को लांच करने के साथ नवागत छात्रों से बात करेंगे। शुक्रवार को सीएआरआई के स्थापना दिवस में शामिल होने के साथ परिसर में आयोजित कुक्कुट मेले की शुरुआत करेंगे। यहां आने पर बुधवार शाम को निदेशक डा. त्रिवेणी दत्ता और सीएआरआई के निदेशक डा. एके तिवारी ने उनका स्वागत किया।

# नेहरू प्रतिमा न लगी तो होगा बड़ा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **चौकी चौराहे पर कांग्रेसियों का अनशन दूसरे दिन भी जारी, कई और संगठनों ने दिया समर्थन**

**अमृत विचार :** चौकी चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता बुधवार को दूसरे दिन भी अनशन पर डटे रहे। कांग्रेस को कई संगठनों ने समर्थन दिया है।

अनशन स्थल पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी ने कहा कि निगम प्रशासन पूरी तरह हठधर्मिता पर है। प्रतिमा को न लगाना संदेह पैदा करता है। जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि अगर शासन और प्रशासन ने उनकी मांग नहीं मानी तो अनशन बडे.आंदोलन का रूप ले लेगा। जिले के ब्लाकों और तहसीलों में भी अनशन की शुरुआत होने जा रही है। 36 घंटे हो जाने के बाद भी किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने यहां आकर कोई जानकारी नहीं ली है।



चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर अनशन पर बैठे कांग्रेसी नेता।

बुधवार को जनसेवा मंच के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी, सपा पार्षद राजेश अग्रवाल, जन जागृति विकास मंच के जिला संयोजक गजेंद्र पांडेय ने समर्थन देते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा शहर की पहचान है। नगर निगम इसे मिटाने की निंदनीय कोशिश कर रहा है। अनशन स्थल पर जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, हेमेंद्र शर्मा एडवोकेट, जुनैद हसन एडवोकेट, जिया उर रहमान, दत्त राम गंगवार, मुसकुरान, शेखर अग्रवाल, तबरेज खान, हर्षित दुबे , चंद्रपाल कश्यप, सुरेश वाल्मीकि, नाहिद सुल्ताना, मोईद सिद्दीकी, मोबीन कुरैशी, राजन उपाध्याय, पाकिजा खान, रामपाल माली आदि मौजूद रहे।

## पुरानी एक्स-रे यूनिट के भवन का सौंदर्यीकरण होगा

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में पुरानी एक्स–रे यूनिट के भवन का सौंदर्यीकरण होगा। दरअसल, भवन की छत जर्जर है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि भवन की मरम्मत कराकर इसको उपयोग में लिया जाएगा। भवन का जो भाग ठीक है, इसमें ओएसटी केंद्र स्थापित कराया जा रहा है। अन्य जर्जर भाग की मरम्मत कराई जाएगी।

# काला पीलिया के मरीज बढ़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **हर महीने 60 से 70 मरीज सामने आ रहे**
- **जिला अस्पताल में सप्ताह में दो दिन होती है ओपीडी**

**अमृत विचार :** जिले में काला पीलिया यानी हेपेटाइटिस बी और सी तेजी से पांव पसार रहा है। आंकड़ों के अनुसार ओपीडी में हर महीने 60 से 70 मरीज हेपेटाइटिस से ग्रसित मिल रहे हैं। जबकि पहले महीने में 30 से 40 मरीजों की संख्या रहती थी।

जिला अस्पताल में सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को हेपेटाइटिस की ओपीडी होती है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020-21 में तीन सौ मरीज थे जो वर्ष 2024 में 1023 हो गए हैं। इनमें सबसे अधिक मरीज हेपेटाइटिस बी और सी के हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है।

हेपेटाइटिस के नोडल अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता के अनुसार हेपेटाइटिस के पांच प्रकार ए, बी, सी, डी और ई होते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस बी और सी जानलेवा हो सकती है। हेपेटाइटिस ए और ई दूषित पानी, भोजन, शराब के सेवन व अन्य कारणों से होती है। हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित खून के चढ़ने और असुरक्षित यौन संबंध से हो सकती है। कई बार ज्यादा दवाओं के सेवन से भी लिवर में सूजन आने लगती है।

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर

**कैंसर जागरूकता दिवस**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **निजी मेडिकल कॉलेजों में जांच में रोज मिल रहे हैं 30 से ज्यादा कैंसर के मरीज**

**अमृत विचार :** अनियमित दिनचर्या, नशे की लत और असंतुलित खानपान से लोग कैंसर की गिरफ्त में आ रहे हैं। जिले में 10 हजार से अधिक कैंसर रोगियों का इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल में 10 वर्षों से कैंसर रोग विशेषज्ञ नहीं है। इस वजह से मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार निजी मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोजाना 30 से 35 कैंसर के मरीज मिल रहे हैं।

**समय पर जांच और इलाज से जीत सकते हैं जंग:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल के अनुसार कैंसर से डरने की नहीं बल्कि जागरूक होने की जरूरत है। कैंसर के लक्षण होने पर देर न करते हुए समय पर रोग विशेषज्ञ से जांच कराकर इलाज कराएं, सटीक इलाज से सैकड़ों मरीजों ने कैंसर को मात दी है। पुरुषों में गले-मुंह, महिलाओं में गर्भाशय और स्तन कैंसर के साथ ही पित्ताशय के मामले ज्यादा हैं।

### कैंसर से डरें नहीं बस जागरूक रहें

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. पीयूष कुमार अग्रवाल ने कहा कि कैंसर से डरे नहीं, बस जागरूक रहें। यदि समय से जांच कराई जाए तो इसे प्रारंभिक अवस्था में ही पकड़ा जा सकता है।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

## सार-संक्षेप

### प्रतियोगिताओं में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा




बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ की ओर से मंडल की शास्त्रीय संगीत (गायन वादन नृत्य) बाल, किशन, युवा वर्ग की प्रतियोगिताएं बुधवार को लोक खुशहाली चैरिटेबल ट्रस्ट के सभागार में शुरू हो गईं। डॉ. विनोद पागरानी और लखनऊ से आईं रेनू श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर डॉ. विनोद पागरानी को संगीत के मंच की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ सविता चौहान बदायूं, पंडित अमित मिश्रा लखनऊ और डॉ. रूचि रानी गुप्ता पीलीभीत से पहुंचीं। गायन, तबला, सितार, बासुरी व गिटार वादन के सभी प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। नृत्य में कलाकार अंशु शर्मा ने समा बांध दिया। शास्त्रीय गायन में भी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। रंगकर्मी डी प्रसाद, चित्रकार कुलदीप वर्मा, अवधेश गोस्वामी, दीपक राना, पवन कुमार मेहरोत्रा, आलोक बनर्जी, नत्थू, मंडल संयोजक डा मदन मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

### दो महिला सिपाहियों ने तीन पदक जीते





बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पुलिस टीम की तरफ से बरेली पुलिस की दो महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय वेटनर्स स्पोर्ट्स एंड गेम्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए हैं। दोनों महिला खिलाड़ियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सम्मानित किया। महाराष्ट्र में 23 से 27 अक्टूबर तक चलने वाले फेडरेशन ऑफ इंडिया के तृतीय राष्ट्रीय वेटनर्स स्पोर्ट्स नासिक में प्रदेश पुलिस टीम की तरफ से बरेली महिला आरक्षी अर्चना कुमारी और आरक्षी सुमन धीमान ने भाग लिया था। एसएसपी ने दोनों खिलाड़ियों को 2500-2500 रुपये नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाने की घोषणा की। अर्चना कुमारी ने 200 मीटर शॉर्ट रेस में स्वर्ण, 100 मीटर रेस में रजत पदक और सुमन धीमान ने 10 हजार मीटर लंबी दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया।

### सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं श्रीराम



बरेली, अमृत विचार : बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने समाज कल्याण इंटर कॉलेज में बालसभा कर छात्रों को बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति के प्राणाधार व संपूर्ण सृष्टि के सृजनहार प्रभु राम ने सभी को स्वीकारा है। कहा कि श्रीराम हमें सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान उन्होंने बाल रामायण की प्रतियां भी विद्यार्थियों को भेंट कीं। चैतन्य कुमार द्विवेदी, हाकिम सिंह, जसवीर पाल, सुरेश पाल सिंह, सुरजीत सिंह, रूपेंद्र सिंह, श्यामेंद्र कुमार मिश्र, नीलम, कंचन रानी, रचना, सरवर खान आदि मौजूद रहे।

# खेल भावना के साथ खेलें, अपने राज्य का नाम रोशन करें

## जीआईसी मैदान में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने फीता काटकर 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता आरंभ की

कार्यालय संवाददाता, बरेली




दूसरे राज्यों से आए खिलाड़ियों की मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और डीएम रविन्द्र कुमार ने की हौसला अफजाई।



राजकीय इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता की शुरुआत करतीं मंडलायुक्त, डीएम और सीडीओ।

**अमृत विचार** : 68 वीं अंडर- 17 बालक-बालिका राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता बुधवार को शुरू हो गई। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कोर्ट के नेट में बंधी वॉलीबाल का फीता काटकर प्रतियोगिता आरंभ की। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ खेलें और जिस उद्देश्य से आप यहां आये हैं, उसे पूरा करते हुये अपने शहर और राज्य का नाम रोशन करें। उम्मीद है कि खेलने आए खिलाड़ियों में से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर देश का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा, शहर को पहली बार किसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है, इसलिए प्रतियोगिता में अनुशासन व स्पोर्ट्समेनशिप बनाए रखना जरूरी है। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतियोगियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी टीम भावना व खेल भावना के साथ खेलें, क्योंकि किसी भी प्रतियोगिता में विजेता एक ही होता है लेकिन बाकी सभी भी कुछ ना कुछ सीखते हैं, बहुत से अनुभव प्राप्त होते हैं। अतिथियों ने प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक बैग भेंटस्वरूप दिया। प्रतियोगिता के आरंभ के मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राजस्थानी, गुजराती डांस की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। जिसमें मंडल के चारों जिलों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति दी।

पहले दिन बालिका वर्ग में दिल्ली बनाम सीबीएसई, नवोदय विद्यालय संगठन बनाम चंडीगढ़, केवीएस बनाम असम बालक वर्ग में केरल बनाम तेलंगाना, तमिलनाडु बनाम विद्याभारती आदि के बीच मैच हुए। दोनों बालक-बालिका वर्गों के आठ फिक्चर तैयार किए गए हैं। इस दौरान सीडीओ जग प्रवेश, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ल, संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा राकेश कुमार, डीआईओएस देवकी सिंह, मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम खान, जीआईसी के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राय, एसजीएफआई के ऑब्जर्वर एम नागर्रिथम तेलंगाना, हिमाचल से टेक्निकल ऑब्जर्वर राजेश शर्मा व कोच आदि मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्भय बेनीवाल, सचिव डा. अंकित बग्गा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य चौधरी, निदेशक पद्मावती स्कूल पारुष अरोड़ा, निदेशक अज्मा मातेर स्कूल कैप्टन राजीव ढींगरा आदि का भी योगदान रहा।

- छात्राओं ने राजस्थानी और गुजराती डांस की दी प्रस्तुति
- अफसरों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

**अंडमान निकोबार को छोड़ सभी टीमें प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पहुंचीं**



वालीबॉल प्रतियोगिता में तेलंगाना और विद्या भारती की टीम के बीच हुआ जबरदस्त मुकाबला। ● अमृत विचार




### बालिका वर्ग के परिणाम

मणिपुर ने जम्मू-कश्मीर को 2-0, राजस्थान ने पुडुचेरी को 2-0, सीबीएससी टीम ने यूपी को 2-0, महाराष्ट्र ने आईपीएससी को 2-0, असम ने केंद्रीय विद्यालय को 2-0, दिल्ली ने भी आईबीएसएसओ को 2-0 हराया। गुजरात ने चंडीगढ़ और छत्तीसगढ़ ने एनवीएस को 2-1 से हराया।

### बालक वर्ग के परिणाम

गुजरात ने चंडीगढ़ को 2-1, हरियाणा ने सीबीएसई को 2-1, केरल ने तेलंगाना को 2-1, असम ने ओडीशा को 2-1 से हराया। हरियाणा ने सीबीएसई को 2-0, विद्याभारती ने तमिलनाडु को 2-0 से हराया। जीआईसी प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राय ने बताया, कुछ मैच 9 नवंबर को हैं, तभी पता चलेगा कि कौन सी टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

### खिलाड़ियों ने झुमका शहर में आने के अनुभव साझा किये



मैं पहली बार इस शहर में आयी हूं। यहां के लोग मददगार हैं। यहां का सुरमा और झुमका प्रसिद्ध है। इस शहर का खाना भी अच्छा है। -**प्रार्थना गोगोई**, डिब्रुगढ़ असम



मैं पहली बार बरेली आयी हूं। अच्छा शहर है, लोग भी अच्छे हैं। जब खेल प्रतियोगिता पूरी हो जाएगी तो हमारी टीम बरेली दर्शन भी करेगी। - **कृतिका**, आईपीएससी हरियाणा



मैं पहली बार आयी हूं, यहां का रहन-सहन, खानपान और लोग अच्छे हैं। यूपी और मराठी के अलावा हिंदी आती है, इसलिए दिक्कत नहीं हुई। - **अरना शेट्टी**, आईसीएसई, मुंबई



मैं तीन साल से नेशनल में प्रतिभाग कर चुकी हूं, पहली बार आयी हूं। होटल पास में ही है, शहर घूमते हुए ग्राउंड तक पहुंचे। - **जैनी पटेल**, आईसीएसई अहमदाबाद

# हॉकी प्रतियोगिता के मंडलीय ट्रायल में 43 में से 19 खिलाड़ी चयनित



बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुए हॉकी के मंडल स्तरीय ट्रायल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक वर्ग के लिए हॉकी प्रतियोगिता का मंडल स्तरीय ट्रायल का आयोजन बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। जिसमें में बरेली से 16, पीलीभीत से 4, बदायूं से 12 और शाहजहांपुर से 11 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। कुल 16 खिलाड़ी चयनित किए गए।

चयनित खिलाड़ियों में मोहित मलिक, रामानन्द, दिपांशु ओसवाल, सोनू यादव, रमेश, तुषार शर्मा, दिव्यांशु शर्मा, सूरज पाल, जतिन, जयहिन्द यादव, तोहिद, नितिन, राहुल गौतम, दीपक, सौरभ, मो. आदिल, करन, अब्बास और करणेश शामिल हैं। चयनित खिलाड़ी 11 से 16 नवम्बर तक रामपुर में होने वाली मंडल स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेन्द्र यादव, बदायूं के कोच मुजाहिद अली, शाहजहांपुर के कोच आबिद अली, पीलीभीत कोच प्रगति सिंह, सीनियर खिलाड़ी सोनू कुमार, रेहान खॉन, कमल किशोर, अविनाश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### साई में होगा महिला एथलेटिक्स का ट्रायल

स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 नवंबर को होने वाली महिला एथलेटिक्स का जिला स्तरीय ट्रायल 12 नवंबर को साई स्टेडियम में आयोजित होगा। मंडलीय ट्रायल भी साई सेंटर में 13 नवंबर को होगा। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 21 व 22 नवंबर को गोरखपुर में आयोजित होगी।

# एमपी की टीम 157 रन पर पवेलियन लौटी

## कूच बिहार ट्रॉफीः पहले दिन ताबड़तोड़ गिरे विकेट, यूपी ने भी 87 पर पांच विकेट गंवाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कूच बिहार ट्राफी : श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में मैच के पहले दिन 15 विकेट गिरे। ● अमृत विचार

अमृत विचारः श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट के तहत कूच बिहार ट्राफी के चार दिवसीय मैच की शुरुआत हुई।

उत्तर प्रदेश के कप्तान मुहम्मद अमान ने टॉस जीत कर एमपी की टीम को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। कप्तान के फैसले को उप्र के गेंदबाजों ने सही साबित किया और विपक्षी टीम को 47.4 ओवर में 157 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटा दिया।

जवाब में पहले दिन का खेल खत्म होने तक उप्र ने पांच विकेट खोकर 87 बना लिए थे। एस राय 8 और अक्षय दुबे 11 रन के स्कोर पर अविजित पैवेलियन लौटे। मप्र के दिए लक्ष्य 157 को पार करने के लिए उप्र को अभी 70 रन और बनाने हैं। मप्र. की टीम का आगाज अच्छा नहीं रहा। मैच का दूसरा ओवर और अपना पहला ओवर फेंकने आए अंकुर शर्मा ने यशवर्धन और अंश का विकेट लेकर मप्र. को तगड़ा झटका दिया।

अंकुर शर्मा ने 5 विकेट लेकर विपक्ष टीम को संभलने का मौका नहीं दिया। अपने 11 ओवर के स्पैल में अंकुर ने 4 मेडन ओवर फेंके और मात्र 25 रन दिए। आदित्य सिंह ने 2, किशन सिंह, याशु प्रधान ने 1-1 विकेट लिया।

इस मौके पर मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक डा. डीसी वर्मा, एडीजी रमित शर्मा, एसपी सिटी मानुष पारिक, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम दिनेश कुमार, दीपेंद्र कमथान, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) और अन्य खेल संघों के पदाधिकारियों के साथ शहर के अन्य लोगों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी का स्वागत किया। मेयर ने बरेली में दूसरी बार हो रहे बीसीसीआई अधिकृत मैच के लिए सभी को बधाई दी। कहा कि यह बरेली के लिए गर्व का विषय है। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज वली खान, सचिव सीताराम सक्सेना, इंजीनियर सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, विभोर गोयल, राहुल खंडेलवाल, प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. मुथु महेश्वरी, डॉ.आरती गुप्ता, डॉ.सोवन मोहंती आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मेयर उमेश गौतम और देवमूर्ति। ● अमृत विचार

# दिसंबर में परीक्षा होने का अनुमान, समर्थ पोर्टल से फार्म भरने से हुई देरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुविवि की ओर से जारी किया निर्देश, पूर्व निर्धारित समयसारिणी पर नहीं होंगी परीक्षाएं

**अमृत विचार** : अक्टूबर अंतिम सप्ताह से परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में चल रहे संशय को बुधवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्तर से दूर कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के अनुसार समर्थ पोर्टल से फार्म भरने की प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है। जल्द इसकी तिथि जारी की जाएगी। ऐसे में स्नातक और परास्नातक की परीक्षाएं पूर्व में घोषित तिथियों पर नहीं कराई जाएंगी। इसकी अपडेट सारिणी समर्थ से आवेदन के बाद घोषित की जाएगी।

विवि की ओर से पूर्व में परीक्षा सारिणी जारी करने के बाद फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर निर्धारित की गई। वेबसाइट में समस्या से बड़ी संख्या में विद्यार्थी फार्म नहीं भर सके। ऐसे में छात्र परेशान थे। रुविवि प्रशासन की ओर से दिसंबर में परीक्षा होने का अनुमान जताया गया है। वहीं, एनआर जारी नहीं होने से मिड टर्म को लेकर भी महाविद्यालय को जल्द ही निर्देशित किया जाएगा।

### सेमेस्टर परीक्षा और मिड टर्म को लेकर कॉलेज पहुंच रहे विद्यार्थी

बरेली कॉलेज में बुधवार को परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह के पास तमाम विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा और मिड टर्म को लेकर पहुंचे। प्रो राजेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर यूनिवर्सिटी की ओर से कुछ निर्देश मिलने के बाद ही कुछ साफ किया जा सकेगा।

### परिणाम सुधार के लिए चक्कर काट रहीं छात्राएं

रानी अवंतीबाई कॉलेज की कुछ छात्राओं को स्नातक के परिणाम में सुधार नहीं होने से रुहेलखंड विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बुधवार को छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक से शिकायत की, जहां उन्हें आश्वासन देकर वापस कर दिया गया। छात्राओं ने कहा कि स्नातक के विद्यार्थियों का परीक्षाफल विवि की ओर से अगस्त में जारी किया गया। उसके बाद से परिणाम में सुधार के लिए कॉलेज से विवि तक चक्कर काट रही हैं। अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की ओर से पत्र प्राप्त हुआ है।

# गायकों ने भजनों से बांधा समा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मॉडल टाउन स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित भजन संध्या में मौजूद श्रद्धालु।

- भजन संध्या से कार्यक्रम की शुरुआत
- महिला और पुरुष मंडल के सदस्यों ने गाए भजन

**अमृत विचारः** मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर बुधवार शाम से कार्तिक महोत्सव शुरू हो गया। दस दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन की शुरुआत भजन संध्या से की गई।

सनातन धर्म महिला मंडल और पुरुष मंडल ने गणेश वंदना, श्रीमन नारायण नारायण हरि-हरि, तेरी लीला सबसे न्यारी, दर्शन बिन नैना तरसे, दिल की बड़ी दुखियारी हूं आदि भजनों से समा बांध दिया। भजन संध्या से पहले मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश चंद शर्मा ने बताया कि कार्तिक महीने में भगवान विष्णु लंबे समय के विश्राम के बाद जगते हैं। इसी वजह से कार्तिक माह को धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। महिला मंडल की प्रेमलता अरोड़ा, सुनीता मानिकतला, मधुलिका कथूरिया, चंचल अरोड़ा, सोनिया गुलाटी, भावना सपड़ा आदि ने भजन गाए। सह सचिव अजय अरोड़ा ने बताया कि बृहस्पतिवार को भजन सम्राट सुनील शर्मा जयपुर वाले के सानिध्य में खाटू महाराज की भजन संध्या होगी। खाटूजी का दरबार दिल्ली के कारीगरों ने सजाया है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कवल नयन सपड़ा, महामंत्री संजीव चांदना, अमित पाल, सनी कक्कड़, अंकित सबलोक, राकेश सिंह, बृजमोहन कक्कड़, मनमोहन सभरवाल आदि का सहयोग रहा। वहीं, महामंत्री के अनुसार श्री सनातन धर्म मंदिर की स्थापना 1952 में पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए पंजाबी समाज ने मिलकर एक छोटे भवन में राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापित कर की थी। तभी से कार्तिक मास में पूरे माह विशेष पूजा अर्चना की जाती है।

# छठ महापर्व : दूसरे दिन खरना की रस्म के बाद महिलाओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली




रेलवे कॉलोनी में एक घर में प्रसाद बनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- गुरुवार शाम को पहले अर्घ्य के लिए मंदिरों में सजावट

**अमृत विचार** : छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को महिलाओं ने दिनभर निर्जल व्रत रखकर सूर्यास्त होने पर खरना की रस्म पूरी की। महिलाओं ने ठेकुआ (साफ आटे और गुड़ का प्रसाद), गुड़ की खीर और रोटी बनाई, जिसका भोग छठ मैया को लगाया। महिलाओं ने व्रत धारण किया। सामूहिक रूप से बनाए हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया गया। जिसके बाद घर के अन्य सदस्यों महाप्रसाद दिया गया।

20 वर्षों से अधिक समय से व्रत रख रहीं सुनीता ने बताया यह पूरा दिन व्रत रखने के बाद एक विराम के बाद प्रसाद खाकर दोबारा व्रत शुरू हो जाता है। जिसके बाद फिर से निर्जल व्रत शुरू होगा और गुरुवार को महिलाएं पहला अर्घ्य संध्या के सूर्यास्त के समय घाटों पर देंगी।

व्रत का समापन आठ नवंबर के सूर्योदय को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगा। छठ पूजन पर गुरुवार को पहले अर्घ्य के लिए मंदिरों में घाटों की सफाई, रंगाई पुताई, लाइटों रंगोली आदि की सजावट की गई है। इज्जत नगर स्थित शिव-पार्वती मंदिर, विश्वविद्यालय में शिव शक्ति पीठ मंदिर, धोपेश्वर नाथ मंदिरों में भव्य सजावट की गई है।



# छेड़खानी की रिपोर्ट लिखाने पर दोनों पैर, एक हाथ तोड़ा

## गांव नसरतगंज में घर में घुसकर पीड़िता के ससुर पर हमला

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार :** सिरौली के गांव नसरतगंज में दबंगों ने 55 वर्षीय सुखलाल को लोहे की रॉड से पीटकर उनके दोनों पैर और एक हाथ तोड़ दिया। आरोपियों ने कुछ दिन पहले सुखलाल की पुत्रवधू से छेड़खानी की थी और इसकी रिपोर्ट दर्ज करा देने पर भड़के हुए थे।

सुखलाल के बेटे मुनीश की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक उसके पिता बुधवार सुबह घर पर अकेले थे। इसी दौरान आरोपी उनके घर में घुस गए और सुखलाल को लोहे की रॉड से पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों उन्हें बेहोश होने तक पीटा और फिर मृत समझकर छोड़ गए। परिवार के लोग घर पहुंचे तो सुखलाल बेहोश पड़े थे। सूचना देने पर पहुंची यूपी 112 ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल भिजवाया जहां जांच करने पर पता चला कि उनके एक हाथ और दोनों पैर की हड्डियां टूट गई हैं।


घायल को ले जाती एंबुलेंस।

मुनीश के मुताबिक आरोपियों 12 जनवरी 2024 को उनकी भाभी से छेड़खानी की थी। तब भी विरोध करने पर सुखलाल को घर में घुसकर लाठी -डंडों से पीटा था। इसके बावजूद सुखलाल ने थाना सिरौली में छेड़खानी और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब उसी रंजिश में उन्हें फिर घर में घुसकर पीटा। ग्रामीणों ने बताया कि साजिश के तहत आरोपियों ने मंगलवार रात को ही अपने घर का सारा सामान कहीं और भेज दिया। इसके बाद सुबह सुखलाल पर हमला कर दिया। मुनीश की ओर से पुलिस ने दीपेश, लोकेश, भूरे, राघवेंद्र, योगेश, चमन, भोला और अमित समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर सिरौली प्रयागराज ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मायके से बुलाकर पत्नी को धूपबत्ती से दागा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** मायके से बुलाकर महिला को पति और सास ने पीटकर घायल कर दिया और धूपबत्ती से शरीर पर जगह जगह-दागा। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी पति और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के कर्मचारी नगर गली नंबर तीन निवासी आदेश कुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह मायके में थी। सुबह पति आशुतोष तिवारी ने फोन किया और एक निजी अस्पताल के पास बुलाया। वह अलखनाथ मंदिर के पास ले गए। वहां आशुतोष उन्हें छोड़कर चले गए। वह ससुराल पहुंचीं। इसपर सास मीना देवी ने आशुतोष को भड़काया। आशुतोष ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। धूपबत्ती से जलाया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। किसी तरह वह बची और पुलिस को सूचना दी।

## मोबाइल बेचने के नाम पर की हजारों की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** युवक से अमृतसर निवासी एक व्यक्ति ने मोबाइल बेचने के नाम पर 21 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के राजीवनगर नवादा शेखान निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने वाट्सएप के माध्यम से पंजाब के अमृतसर निवासी जतिंदर उर्फ सिकंदर से एक कंपनी के मोबाइल का सौदा तय किया था। आरोपी ने एक हजार रुपये एडवांस मांगे और मिलने पर 20 हजार रुपये भुगतान करने को कहा। भरोसा करके उन्होंने मोबाइल बुक कर लिया। जब मोबाइल प्राप्त हो गया। तब उन्होंने यूपीआई के माध्यम से 20 हजार का भुगतान कर दिया। बाद में पता चला कि आरोपी ने खराब मोबाइल भेज दिया है।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष कैद

- कोर्ट ने 40 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किशोरी को ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना भोजीपुरा ग्राम मझौला सर्वसुख निवासी मनोज गिरी को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानन्द ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 40 हजार रुपये जुर्माना भी डाला। जुर्माने में से 75 प्रतिशत रकम पीड़िता को मुआवजा में दी जाएगी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह के अनुसार पीड़िता के पिता ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर बताया था कि उनकी नाबालिग पुत्री 21 मार्च 2014 की शाम करीब 8 बजे शौच कर घर आ रही थी, तभी रास्ते में मनोज गिरी मिला व उसका हाथ पकड़कर खींचने लगा, जब लड़की ने शोर मचाना चाहा तो उसने तमंचा से धमकाया।




उसे जबरन पकड़कर नैनीताल रोड की तरफ ले गया। वहां पर एक ट्रक खड़ा था। उसी ट्रक में बैठाकर मनोज बेटी को ले गया, उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। मनोज उसकी हत्या करना चाहता था। उनकी बेटी किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर घर आ गई और आपबीती बताई। पुलिस ने मनोज व उसके परिजनों के विरुद्ध बहलाकर ले जाने, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद मनोज के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा गया था। मामले में शासकीय अधिवक्ता ने 9 गवाह पेश किए थे।

## जूनियर अधिशासी अभियंता को अधीक्षण अभियंता के पद से हटाया

**बरेली, अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता के निलंबित होने के बाद से कार्यवाहक अधीक्षण अभियंता लगातार बदले जा रहे हैं। अब अधिशासी अभियंता प्रथम को कार्यवाहक अधीक्षण अभियंता के पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह पर अधिशासी अभियंता मीटर को शहरी क्षेत्र का कार्यवाहक अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। एक माह पहले पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल ने शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ को निलंबित कर दिया था। उसके बाद मुख्य अभियंता ने ग्रामीण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह को अतिरिक्त चार्ज दिया था। लेकिन उन्होंने बाद में उन्हें हटाकर शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता प्रथम महावीर सिंह को चार्ज दिया था। उसके बाद मुख्यालय शिकायत पहुंची थी कि सीनियर अधिशासी अभियंता को अनदेखा कर जूनियर अधिशासी अभियंता महावीर सिंह को अधीक्षण अभियंता का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। अब मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने मीटर अधिशासी अभियंता विपुल जैन को शहरी क्षेत्र के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता का चार्ज दिया है।

## बिलिंग काउंटर से सीपीयू चोरी मामले में टीजी टू निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** बिलिंग काउंटर से सीपीयू चोरी होने के मामले में टीजी टू को निलंबित कर दिया गया है। दिवाली के अवकाश के समय ग्रामीण क्षेत्र के प्रथम डिवीजन सर्किट हाउस स्थित बिलिंग काउंटर से सीपीयू चोरी हो गया था। मामले में आरोप लगे थे कि सीपीयू में बिजली विभाग की फर्जी रसीदों का डाटा था। जिसमें लाखों रुपये के घोटाले की आंशका जताई जा रही थी। मामला का संज्ञान लेते हुए ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता (प्रथम) मनोज कुमार ने टीजी टू सौरभ राजपूत को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि बिलिंग काउंटर पर स्थापित कंप्यूटर सिस्टम को चोरी हो जाना लापरवाही को दर्शाता है। मामले में स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया। एसडीओ के कहने पर भी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई।

## जबरन खेत जोतने का विरोध करने पर पीटा

**फरीदपुर, अमृत विचार :** जबरन खेत जोतने का विरोध करने पर असलहों से लैस दबंगों ने युवक से मारपीट कर उस पर गोली चला दी। गांव नवादिया कल्याणपुर झबरा पट्टी के अतिपाल के मुताबिक उनके गांव के नरवीर, शेर सिंह, रीतराम, रोहिताश, मुकेश और मनोज बुधवार को खेत जोत रहे थे। पता लगने पर उन्होंने खेत पर पहुंचकर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर आरोपियों ने उन्हें राइफल और तमंचों के बट से पीटा। शेर सिंह ने रिवाल्वर से उन पर गोली चला दी। पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। पुसि ने मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बाझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:-17 नवंबर 2024, रविवार
1 दिसंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines
• Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
• Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
• Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
• Humanities and Journalism English
• Faculty of Pharmacy
• Faculty of Management
Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
14 नवम्बर 2024 बाल दिवस के उपलक्ष मे
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :-13 - 14 - 15 नवम्बर 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग, कमरा नंबर - 1084



डॉ. वरुण अग्रवाल
रीढ़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# फरीदपुर को कचरामुक्त करने की कवायद

## हकीकत : कस्बे में जगह-जगह दिखाई देते है कचरे के ढेर, नालियों की भी नहीं होती सफाई

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका फरीदपुर के अधिशासी अधिकारी ने कस्बे को कचरामुक्त नगर घोषित करने की कवायद शुरू की है, लेकिन हालात काफी विपरीत है।

हर तरफ गंदगी और कूड़े का ढेर दिखाई देता है। यहां तक की कूड़े-कचरे को खुले में जलाया जा रहा है। जबकि गार्बेज सिटी की पहली शर्त है दिन में सार्वजनिक, वाणिज्यिक, आवासीय जगहों पर कचरा नहीं दिखाई दें, यहां तो हर जगह, हर समय गंदगी ही गंदगी दिखाई देती हैं। दूसरी शर्त शहर से निकलने वाले अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करना होता है, लेकिन यहां तो सफाई कर्मी गलियों से कचरा उठाकर मैदान में डाल देते है, कभी-कभी तो उसमें आग भी लगा दी जाती है। इसके साथ ही नगरपालिका जल भराव ग्रस्त क्षेत्रों की समस्या, नालों की सफाई, नालों को अतिक्रमण मुक्त, कूड़ा उठाने की सुचारू एवं नियमित व्यवस्था दुरूस्त नहीं कर पा रहा है। ऐसे में गार्बेज फ्री सिटी की अपेक्षा करना उचित नहीं हैं।


नालियों में इस तरह भरा है कचरा।


सफाई के अभाव में नाले में भरी गंदगी।


नगर में नियमित सफाई नहीं होने से इस तरह दिखाई देती हैं गंदगी।

फरीदपुर वासियों को गार्बेज फ्री सिटी के लिए भूमिगत पाइप लाइन की योजना की पहली आवश्यकता है, जिसकी उपलब्धता से हर तरह की गंदगी से छुटकारा मिल सकता है। पेयजल आपूर्ति की शत- प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल ने पूरे कस्बे में ओवर हेड टैंक निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से बजट लाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई भी संकेत नहीं मिले हैं। कस्बे में पार्क, पार्किंग व्यवस्था बिल्कुल जीरो है मुख्य बाजार की 90% भूमि अतिक्रमण के चंगुल में फंसे बाजार के दोनों तरफ नालियां तक नहीं हैं, यदि हैं तो उनके रख रखाव की व्यवस्था असंतोषजनक है। स्वच्छता की रेटिंग के लिए जब केंद्र सरकार की मूल्यांकन कमेटी के आने की सूचना मिलती है, तभी नगरपालिका प्रशासन सक्रिय होता है और कुछ दिनों के लिए लगता है कि सफाई है कमेटी के जाने के बाद फिर वहीं ढाक के तीन पात।

> गार्बेज फ्री सिटी की सूचना अधिशासी अधिकारी की ओर से प्रकाशित कराई गई है, मुझे कोई जानकारी नहीं है, मुझे नगर में जहां भी सफाई और जल भराव की शिकायत मिलती हैं उसका निस्तारण प्रमुखता से कराते हैं। **-शराफत जरीवाला**, नगर पालिका अध्यक्ष

> गार्बेज फ्री का हमने फॉर्म भरा है इसके लिए शासन से जांच करने टीम आएगी और यह शासन के लोग तय करेंगे कि कब टीम पहुंचेगी गार्बेज फ्री यानि एमआरएफ सेंटर बना है कि नहीं। एमआरएफ सेंटर बना हुआ है तो वह एफसी की श्रेणी में माना जाएगा। **- शैलेंद्र मिश्रा**, अधिशासी अधिकारी

## सार-संक्षेप

### 30 फीसदी किसानों ने नहीं भरे घोषणा पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में अभी लगभग 30 फीसदी से अधिक गन्ना किसानों ने ऑनलाइन घोषणा पत्र नहीं भरा है। इन किसानों की गन्ना पर्ची भी रुक सकती है। डीसीओ यशपाल सिंह ने बताया कि बहेड़ी चीनी में गन्ना पेराई शुरू हो चुकी है। बाकी चीनी मिलें भी 15 नवंबर तक पेराई शुरू कर देंगे। जिले में 1.91 लाख किसान हैं। गन्ना अधिनियम के अनुसार नया गन्ना सत्र शुरू होने से पहले सभी किसानों के घोषणा पत्र हर हालत में भर जाने चाहिए। नियम यह भी है कि जिन किसानों के घोषणा पत्र न भरे जाएं। उनकी गन्ने की पर्चियां न जारी की जाएं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसानों ने अपने घोषणा पत्र नहीं भरे हैं। इधर, घोषणा पत्र न भरने का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि काफी किसानों के पास स्मार्ट फोन नहीं है। उनके पास छोटे फोन हैं। छोटे फोन से घोषणा पत्र भरा जाना संभव नहीं है। ऐसे में किसान पैसा बचाने के लिए साइबर कैफे पर जाकर घोषणा पत्र नहीं भर रहे हैं।

### सदस्यता अभियान : बृज क्षेत्र में बरेली को दूसरा स्थान



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के सदस्यता अभियान में बरेली महानगर ने लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर बृज क्षेत्र में दूसरा स्थान पाया है। बीते दिनों महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना की संस्तुति पर प्रदेश नेतृत्व ने महानगर उपाध्यक्ष देवेंद्र जोशी को महानगर सदस्यता प्रमुख बनाया था। देवेंद्र जोशी ने बताया सांसद, विधायक, मेयर, भाजपा संगठन, मंडल अध्यक्ष, बूथ तक के कार्यकर्ताओं के प्रयासों से बरेली महानगर ने लक्ष्य को पार करते हुए 2 लाख से अधिक की प्राथमिक सदस्यता कर बृज क्षेत्र में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। बरेली महानगर ने 556 सक्रिय सदस्य बनाकर कार्यालय पर सूची चस्पा कर दी है। इस मौके पर सदस्यता अभियान के उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा और महानगर महामंत्री प्रभु दयाल लोधी ने महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना को पटका पहनाकर बधाई दी। मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश लोधी, कन्हैया राजपूत, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

### उर्स-ए- सुल्तानी के दूसरे दिन कव्वाली का मुकाबला

**सीबीगंज, अमृत विचार :** परसाखेड़ा स्थित सुल्तान शाह बाबा की दरगाह पर चल रहे 138 वें सालाना उर्स-ए-सुल्तानी में बुधवार रात कव्वाल मेराज व दिल्ली के कव्वाल गुलनाज के बीच कव्वाली मुकाबला हुआ। उर्स में 7 नवंबर को कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उर्स मेला कमेटी के सदर नाजिम उद्दीन, नायब सदर मास्टर गुलाम मोहम्मद, सेक्रेटरी मुंशी रजा एडवोकेट ने बताया कि उर्स की शुरुआत चार नवंबर को हुई थी। पांच से आठ नवंबर तक कव्वाली मुकाबला होगा। जबकि नौ नवंबर को 2: 40 पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। मेले में जहांगीरउद्दीन की तरफ से लंगर का इंतजाम किया। शाकिर हुसैन मेला इंचार्ज, हाजी मसीत खां ठेकेदार नायब सेक्रेटरी, मुश्ताक हुसैन, शहाबुद्दीन आदि का योगदान रहा।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**शेरगढ़, अमृत विचार :** गांव रमपुरा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कथावाचक पूनम शास्त्री एवं बंटू शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश यात्रा को रवाना किया। भगवा वेष में सजी महिलाएं जल लेने नदी को रवाना हुई जो कलशों में जल भरकर कथा स्थल पहुंची। कथावाचक बंटू शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के स्मरण मात्र से ही मनुष्य का कल्याण संभव है, इसलिए क्षेत्रवासी कथा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। प्रथम दिन ज्ञान भक्ति वैराग्य की कथा का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर हुलास राय, पूरनलाल, अंकित कुमार, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों की हड़ताल जारी

**विधि संवाददाता, बरेली :** गाजियाबाद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता बुधवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। बरेली बार एसोसिएशन सचिव वीरेन्द्र प्रसाद ध्यानी ने बताया कि 29 अक्टूबर को सिविल कोर्ट गाजियाबाद में जिला जज कक्ष में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज हुआ था। वकीलों के विरुद्ध हुई एकतरफा कार्रवाई का बार एसोसिएशन कड़ी निंदा करती है। गाजियाबाद बार एसोसिएशन की ओर से सहयोग मांगा गया है। गाजियाबाद बार के समर्थन में अधिवक्ता 4 नवंबर से कार्य से विरत हैं। गुरुवार को सुबह से ही कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया है।

### खो -खो प्रतियोगिता में आरपीआईसी का दबदबा



**मीरगंज, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयी खो–खो प्रतियोगिता में राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज की छात्राओं की टीम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन गोकुलदास महिला महाविद्यालय मुरादाबाद के तत्वाधान में सौनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद में हुआ। राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज की टीम ने क्वार्टर फाइनल में एसएल कॉलेज मुरादाबाद को 18 –1 से हराया तथा सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले में साहू जैन कॉलेज नजीबाबाद को 6–3 के स्कोर से हराया। फाइनल मैच राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज और एसडी कॉलेज चेटीपुर अमरोहा के बीच खेला गया, जिसमें अमरोहा की टीम 5–4 के स्कोर से विजयी रही। राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज की छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिव कुमार सिंह तथा शारीरिक शिक्षा प्रभारी प्रो. विजय बिष्ट और टीम मैनेजर वीरेंद्र कुमार शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की और सभी खिलाड़ियों को बधाइयां दी।

### मोहम्मद दानिश को भाकियू का जिला प्रभारी बनाया



**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन ने जाफरा निवासी मो .दानिश को भानु का युवा जिला प्रभारी नियुक्त किया है। दानिश को जिला प्रभारी बनाए जाने पर संगठन के लोगों ने उनका स्वागत कर बधाई दी है। दानिश ने कहा कि वह संगठन से मिली जिम्मेदारी को निभाने के लिए पूरी जान लगा देंगे।

# फैला बुखार, डेंगू जांच के इंतजाम नाकाफी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में बुखार का प्रकोप है, मगर डेंगू जांच के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जबकि शासन ने सरकारी अस्पतालों में आने वाले बुखार रोगियों की अनिवार्य रूप से डेंगू-मलेरिया जांच के आदेश दिए हैं। जिले में सिर्फ जिला अस्पताल में ही एलाइजा जांच मशीन है।

डेंगू-मलेरिया के लक्षण होने पर रोगियों की एनएस 1 यानी रेपिड कार्ड से जांच की जा रही है। लेकिन कार्ड से पॉजिटिव आने पर मरीज को डेंगू, मलेरिया का पुष्ट मरीज नहीं माना जा रहा है, क्योंकि कार्ड जांच शासन के मानक में शामिल नहीं है। जिला अस्पताल में एक दिन में सिर्फ 94 मरीजों की जांच की जा रही है, जबकि रोजाना सैकड़ों की संख्या में बुखार रोगी आ रहे हैं। देहात के स्वास्थ्य केंद्रों से जांच के नाम पर 10 से 12 सैंपल ही भेजे जा रहे हैं। वर्तमान में जिले में 51 डेंगू मरीज हैं।


जिला अस्पताल की ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

> जो भी मरीज रेपिड कार्ड से पॉजिटिव मिल रहे हैं उनकी अनिवार्य रूप से एलाइजा जांच कराई जा रही है, वहीं टीमें लगातार निगरानी कर रिपोर्ट भेज रही हैं। इस वर्ष डेंगू मलेरिया के मरीजों की संख्या घटी है। **-डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ

### अधिवक्ता से अभद्रता के मामले को निपटाने में जुटी पुलिस

**नवाबगंज, अमृत विचार :** महिला दरोगा के साथी दरोगा ने मंगलवार शाम बाइक चेकिंग के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता से अभद्रता की थी। जिसके विरोध में काफी हंगामे के बाद अधिवक्ता ने दरोगा पर अवैध वसूली और धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। मामला स्टाफ का होने से पुलिस इसे निपटाने में जुटी हुई है। आरोप है कि वाहन चेकिंग के नाम पर हुई कहासुनी में दरोगा ने अधिवक्ता से अभद्रता की, जिस पर पहुंचे अधिवक्ता के साथियों ने पिंक बूथ में बैठे आरोपी दरोगा का घेराव कर हंगामा कर दिया। जिद्दजहद के बाद मामले का निपटारा न होने पर पुलिस, महिला दरोगा और उसके मित्र दरोगा को कोतवाली ले आई।

### अस्थाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के नेतृत्व में अस्थाई कर्मचारियों ने बुधवार को स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के निदेशक प्रो एपी सिंह को ज्ञापन दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने वरिष्ठता के आधार पर (तृतीय और चतुर्थ) श्रेणी कर्मी के अनुसार वेतन दिए जाने की मांग की। समिति के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि वरिष्ठता के आधार पर कालेज सेलरी कराने के संबंध में 25 अक्टूबर को एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया, लेकिन अभी तक उस पत्र पर कोई विचार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अस्थाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में विचार किया जाए। चंद्रकेश सिंह, दयाशंकर, विकास यादव, रवींद्र सहारा, जयवीर आदि मौजूद रहे।

### बेखौफ होकर नदियों से रेत निकाल रहे लोग

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** खनन करने वाले रोक के बाद भी देवहा नदी से धड़ल्ले से रेत निकाल रहे है, जिन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होने से रोज नदी का सीना छलनी कर रहे है। गांव ज्योति जागीर के पुल के नीचे देवहा नदी, मधु नगला कि पनघैली नदी और क्योलड़िया की अप्सरा नदी से खनन करने वाले रोज ट्रैक्टर ट्रॉली, डनलप, तांगा, बग्गी पर रेत भरकर शहर से लेकर देहात तक ले जाकर बेच रहे है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मिली भगत का आरोप लगाया। इस संबंध थाना प्रभारी परमेश्वरी से बात करनी चाही फोन नहीं उठा।

### अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर करें संघर्ष

**शिवपुरी, अमृत विचार :** सिरौली के गांव शिवपुरी स्थित गौतमबुद्ध इंटर कॉलेज में वित्तविहीन शिक्षक महासभा की बैठक हुई। जिसमें शिक्षक और कर्मचारियों से अधिकारों की मांग को लेकर संगठित होने की अपील की। संगठन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा हम लोग संगठित होकर सरकार से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। प्रधान महासचिव जियारत हुसैन ने शासन और विभाग की ओर से वित्तविहीनों के हित में किए गए कार्यों को बताया। प्रदेश महासचिव डॉ. हरिओम सिंह राठौर ने सरकार और विभाग से तथाकथित शिक्षक नेताओं पर लूटने का आरोप लगाया। इनसे पहले बीआर मौर्या, विश्वास लोधी, जितेन्द्र मौर्या, गौरव शर्मा, विनोद कुमार, प्रदीप पाण्डेय, विश्वकांत शर्मा, प्रवीण सक्सेना, नेहा यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### गाजियाबाद की घटना के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**आंवला, अमृत विचार :** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में आंवला बार एसोसिएशन की ओर से विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आंवला को सौंपा गया। बार महासचिव गजेंद्र सिंह चौहान ने बताया 29 अक्टूबर को गाजियाबाद में पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया था। पुलिस ने अधिवक्ताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर दिए हैं। इससे अधिवक्ताओं में रोष है। उन्होंने कहा घायल अधिवक्ताओं को इलाज के लिए पांच–पांच लाख रुपये, दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान अतुल कुमार सिंह, इंद्रभान सिंह, राधा कृष्ण माहेश्वरी, सुनील वर्मा, विष्णु पाल सिंह, मनोज चौहान, विनोद सिंह, मनोज सिंह, रामदुलार मौर्य आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कांधरपुर ग्राम पंचायत की वोटर लिस्ट में तमाम मतदाताओं के नाम न होने का उठा मुद्दा

**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को मंडलायुक्त एवं रोल आब्जर्वर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कांधरपुर में विधानसभा वोटर लिस्ट में कम मतदाता होने का मुद्दा उठाया गया। कहा गया कि ग्राम पंचायत में वोटर ज्यादा हैं। कमिश्नर ने मामले में डोर टू डोर सर्वे बीएलओ से कराने के आदेश दिए। कहा कि, निर्वाचन आयोग की मंशा है कि 18 साल की उम्र पूरी कर चुके सभी युवा मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ा जाए, इसमें राजनीतिक दलों के सहयोग की जरूरत है। दलों की सहभागिता बढ़ाने, पुनरीक्षण के कार्य में उनका सहयोग लेने के लिए बूथ स्तर पर एजेंट की व्यवस्था बनाई गई है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि 28 नवंबर तक दावे या आपत्तियां प्रस्तुत किए जा सकते हैं। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 9,10, 23 24 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। कमिश्नर ने कहा कि, नगरीय क्षेत्र में कोई नई आवासीय सोसायटी बनी है तो वहां रह रहे लोगों के नाम जरूर जोड़ लिए जाएं। कहा कि, जो लोग ऑनलाइन फॉर्म भरते हैं तो रंगीन चश्मा लगाकर या ब्लर फोटो अपलोड न करें। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बस धान लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी

**भोजीपुरा, अमृत विचार:** धौंराटांडा रोड और वसुधरन ढाल नैनीताल हाईवे पर रोडवेस बस ने धान लदे ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे से जोरदार टक्कर मार दी बड़ा हादसा बाल-बाल बचा कुछ बस में बैठे लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए।

सुबह कोहरे की वजह से हादसा देखने को मिला जो कि धौंराटांडा-आटामांडा मार्ग नैनीताल नेशनल हाईवे पर मिलक इमामनगर गौटिया के समीप धौरा टांडा कस्बे में राईस मिल को धान ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली के पीछे से तेज रफ्तार बरेली डिपो बस पीछे से जा घुसी, बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

# नर्स की हत्या की कोशिश करने वाला प्रेमी गिरफ्तार

- आरोपी को कोर्ट में पेश कर भेजा जेल, दोस्त की तलाश जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भोजीपुरा क्षेत्र के एक मेडिकल कॉलेज की नर्स की हत्या का प्रयास करने वाले प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। वहीं, आरोपी के दोस्त की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

उत्तराखंड के लालपुर रुद्रपुर थाना किच्छा की रहने वाली युवती ने भोजीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि उसकी बहन थाना क्षेत्र के एक मेडिकल कॉलेज में नर्स के पद पर तैनात है। आरोप था कि भोजपुर थाना कादर चौक बदायूं निवासी अभय प्रताप ने उसकी बहन को शादी का झांसा देकर छह साल से शारीरिक संबंध बना रहा था। शादी का दबाव बनाने पर टाल मटोल करता था। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने दोस्त मोनू निवासी मोहल्ला गांधी नगर थाना कोतवाली बदायूं के साथ मिलकर उसकी बहन को कमरे पर छोड़ने के बहाने कार में बिठाकर रस्सी से गला दबाकर और कांच की बोतल मारकर हत्या करने का प्रयास किया। उसे चलती कार से फेंक कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने बुधवार दोपहर गांव मिलक इमामनगर गौटिया तिराहे से अभय प्रताप को पकड़ लिया। उसके कब्जे से घटना के समय आरोपी के पहने हुए खून से सने कपड़े, पीड़िता के मोबाइल, घटना में इस्तेमाल कार बरामद कर ली। थाना प्रभारी प्रवीन सिंह सोलंकी ने बताया कि आरोपी के दोस्त मोनू की तलाश की जा रही है।



पुलिस के कब्जे में आरोपी।

# जेई पर बेटे के जरिए रिश्वत लेने के आरोप

- एसई ने एक्सईएन को दिया जांच करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शाही सबस्टेशन पर तैनात जेई पर अपने बेटे से विभागीय काम कराने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर नए कनेक्शन के बदले जेई के बेटे के खाते में पैसे ट्रांसफर करने का फोटो भी वायरल हुआ है। अधीक्षण अभियंता ने आरोपों की जांच का आदेश दिया है।

शाही सबस्टेशन के जेई पर आरोप है कि वह अपने बेटे से विभागीय काम कराते है। नया कनेक्शन देने के नाम पर जेई के बेटे पर ऑनलाइन रिश्वत लेने का भी आरोप लगा है जिसका एक फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जेई इसे सबस्टेशन पर तैनात फूल सिंह की साजिश बता रहे हैं। उनका कहना है कि फूल सिंह शराब के नशे में रहता है। सामान भी चोरी कर बेच देता है। फूल सिंह और जेई के बीच ऑफिस के व्हाटसएप ग्रुप में भी जमकर कहासुनी हुई है। संविदा कर्मचारी ने जेई को जेल भिजवाने की धमकी दी है।

> जेई के खिलाफ आरोप संज्ञान में हैं। अधिशासी अभियंता को जांच के निर्देश दिए गए है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। **- ज्ञानेंद्र सिंह**, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण

#### एसडीओ-जेई की जांच नहीं हुई पूरी

पिछले दिनों मीरगंज के रहने वाले एक व्यक्ति ने अधिकारियों से मीरगंज के एसडीओ और जेई के खिलाफ चेकिंग के बाद बिजली चोरी का केस लिखाने की धमकी देकर 80 हजार रुपये वसूलने की शिकायत की थी। इसकी जांच अब तक पूरी नहीं हुई है। विभाग में सुगबुगाहट है कि अधिकारियों से सांठगांठ कर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

# सड़क निर्माण की दो जांच, एक रिपोर्ट में सब दुरुस्त, दूसरी में गड़बड़ियां

- भदपुरा के मरगापुर मरगइया में बनवाई गई थी सीसी रोड
- तकनीकी सहायक ने कमिश्नर से की टीएसी जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मरगापुर मरगइया में बनी सीसी सड़क के निर्माण की जांच के विरोधाभासी नतीजों मामला तूल पकड़ गया है।

पहली जांच में कोई गड़बड़ी न होने की बात कही गई थी, मगर डीपीआरओ की जांच रिपोर्ट में अनियमितता पाए जाने की बात कही गई है। अब जांच करने वाले तकनीकी सहायक ने कमिश्नर से किसी तकनीकी एजेंसी से जांच कराने का आग्रह किया है।

मरगापुर मरगइया में मनरेगा के तहत 2023-24 में नहर से होली चौराहे तक सीसी सड़क बनाई गई थी। गांव के रामसनेही ने डीएम से निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की थी। इसकी जांच भूमि संरक्षण अधिकारी और राजकीय निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ने की थी, रिपोर्ट में दोनों अधिकारियों ने काम को संतोषजनक बताया था। इससे असंतुष्ट रामसनेही ने से 23 अगस्त को दोबारा जांच कराने की मांग की तो डीएम ने डीपीआरओ को जांच सौंपी थी। डीपीआरओ की जांच रिपोर्ट में सीसी रोड का करीब 25 मीटर कम निर्माण कराने की बात कही गई है।

डीपीआरओ की जांच रिपोर्ट पर डीएम ने ग्राम प्रधान निशा गंगवार के वित्तीय अधिकारों को सीज कर दिया है। ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक और रोजगार सेवक को भी दोषी पाया है। अब दो विरोधाभासी जांच रिपोर्ट पर सवाल उठ रहे हैं। अब भदपुरा ब्लॉक के तकनीकी सहायक रामचंद्र मौर्य ने कमिश्नर को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी है, साथ ही आग्रह किया है कि सड़क की किसी तकनीकी एजेंसी या फिर टीएसी से जांच कराई जाए ताकि वास्तविक स्थिति का पता लग सके।

# जागे जिम्मेदार, सफाई कराई

खबर का असर

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** परेशानी का सबब बने देवरनियां के कीचड़ भरे रास्ते की खबर अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने तत्काल सफाई कराई। एसडीएम के आदेश के बाद बुधवार को सफाईकर्मियों ने पहुंचकर सड़क को साफ किया।

बरेली-नैनीताल हाईवे किनारे स्थित नगर पंचायत के वार्ड दो में सरकारी कंपोजिट स्कूल को जाने वाले रास्ते पर लंबे अरसे से कीचड़ भरा था। स्कूल जाने वाले बच्चे इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। मंगलवार को स्कूल जाते समय कुछ बच्चे कीचड़ में फिसलकर गिर गए थे, जिससे वे चोटिल हो गए थे। जिसे अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। वहीं इस संबंध डॉ. मोहम्मद आसिफ ने एसडीएम को पत्र भेजकर शिकायत की, पत्र की एक कापी मुख्यमंत्री को भी भेजी। एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने नगर पंचायत देवरनियां के अधिशासी अधिकारी को समस्या के समाधान के आदेश किए।एसडीएम के आदेश के बाद अधिशासी अधिकारी अंकित कुमार ने सफाई कर्मचारियों और पंपसेट लगवाकर सफाई कराई। उनके अनुसार जब तक नाला निर्माण नहीं हो जाता, तब तक रोज सफाई होगी।


सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

REQUIRED
PRINCIPAL & ASSISTANT PROFESSOR
For LL.B 3 Years & 5 years
Subject: Law , Economic, Political Science, English, Sociology, History Qualification as per UGC norms Eligible candidate may send their CV with 15 days to college
HAFIZ RAHMAT KHAN LAW COLLEGE, PILIBHIT
Mob.: 9696039280, 9410836032
hrklawcollege@gmail.com

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने तीनों पुत्रों धर्मेन्द, जितेन्द्र और सन्तोष को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **ओम प्रकाश पुत्र स्व. श्री लेखराज निवासी ग्राम रजपुरा माफी पोस्ट मुड़िया अहमदनगर थाना इज्जतनगर, जिला बरेली।**

सूचना
हमने अपने पुत्र मो. फैजान व उसकी पत्नी सना को उनके गलत आचरण, दुर्व्यहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. तसलीम पुत्र मो. यासीन नुसरत बी पत्नी मो. तसलीम निवासी - 25, सहसवानी टोला पुराना शहर थाना- बारादरी जिला बरेली।**

सूचना
मैने अपने पुत्र मो0 शफीक को चाल चलन ठीक न होने, कुसंगति में पड़ जाने, परिवारियों से प्रायः मारपीट करने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा व मेरे परिवार जनों का उससे कोई वास्ता, सरोकार नहीं है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **सगीर अहमद पुत्र स्व0 नजीर अहमद निवासी वीरेन्द्र नगर कालोनी गोला गोकर्णनाथ, जिला-खीरी।**

सूचना
श्री कलीम अहमद पुत्र नवाब अली निवासी चेहला तहसील चाँदपुर, जिला बिजनौर आपने दिनांक 17.09.2024 को ग्राम कालाभोज की भूमि गाटा संख्या-152/2 का अपना सम्पूर्ण भाग का बैनामा क्रेता श्री संजीव कुमार शर्मा पुत्र श्री बृजलाल शर्मा निवासी ग्राम चकरपुर गही, तहसील आंवला जिला बरेली को लिखवाया था। आपको श्रीमान सबरजिस्ट्रार आंवला द्वारा नोटिस भेजा गया। लेकिन आप नहीं आये। मु.सं. 01/2024 है। धारा-36 पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत आप सबरजिस्ट्रार कार्यालय आंवला आकर बैनामा करायें। **क्रेता संजीव कुमार शर्मा**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# नहरें झाड़ियों में गुम, किसान सिंचाई के लिए परेशान

## किसानों का आरोप: जेसीबी से सफाई कराने की वजह से पुलिया के नीचे से नहीं निकल पाती गाद

संवाददाता,शेरगढ़



सफाई नहीं होने से नहर में उगी झाड़ियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** किसान इन दिनों गेहूं चना-मसूर की बुवाई के लिए खेतों की तैयारी कर रहे है, लेकिन उन्हें पलेवा के लिए पानी मिल पा रा है, क्योंकि अधिकांश नहरों की (रजवाहा) सफाई नहीं कराई गई, झाड़ियां लहलहा रही है, ऐसे में किसानों की फसलें कैसे लहलहाएंगी यह बड़ा सवाल है।

ब्लॉक की शेरगढ़ एवं बैरमनगर रजवाहा की देखभाल के अभाव में झाड़ियों से पटी है । किसानों का कहना है कि नहरों की दिखावे के लिए सफाई तो हर साल की जाती है, लेकिन सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जाती है, जेसीबी से सफाई के दौरान पुलियों के नीचे की सफाई नहीं हो पाती है। फसल बुवाई के तकरीबन एक माह बाद सिंचाई की जरूरत होगी, ऐसे में नहरों की अभी से सफाई नहीं की गई तो फसलों को नहर का पानी नसीब नहीं होगा। किसानों का कहना है कि सफाई के साथ ही जांच के बाद क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत की जानी चाहिए, क्योंकि चूहों ने नहरों में बिल बना रखे हैं, जो पानी छोड़ते ही किसानों के लिए मुसीबत बनेंगे। सबसे ज्यादा समस्या बैरमनगर रजवाहा की हैं। जो तीन दशक पहले रजपुरा गांव के पास किच्छा नदी में आई बाढ़ में समा गई थी उस समय प्रशासन ने पत्थर डालकर गांव को नदी में समाने से बचा लिया था, लेकिन नहर की मरम्मत की याद विभाग को आज तक नहीं आई। नहर से पानी नहीं मिलने पर मोहम्मदपुर, कस्बापुर,बरीपुरा, रजपुरा, डूंगरपुर देहात,नगरिया कलां,कबरा किशनपुर,गौंटिया बैरमनगर, बैरमनगर, बिहारीपुर, सुकटिया समेत तमाम गांवों के किसानों को पंपिंग सेट से फसलों की सिंचाई करनी पड़ती है।

अरसे से नहर की मरम्मत नहीं कराई गई है, चूहों ने भी बिल बना लिए हैं, बारिश से भी जगह-जगह नहर क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में नहरों की मरम्मत एवं साफ-सफाई जरूरी है। **- किसान शांति स्वरूप**,मोहल्ला कांवर शेरगढ़

हर साल किसानों को पहले पलेवा के समय पानी नहीं मिल पाता, जब फसल बो दी जाती है तब अधिकारी नहरों में पानी छोड़वाते है। सफाई और मरम्मत के अभाव में नहरें फूट जाती है और किसानों के खेतों में पानी भर जाता है। **-प्रवेश सिंह**, निवासी बैरमनगर

शेरगढ़ की बैरमनगर रजवाहा वर्षो से बदहाल है यदि क्षतिग्रस्त रजवाहा को ठीक करा दिया जाए तो किसानों का बेहतर फसल उत्पादन का सपना जरूर साकार हो सकता है। **-वाहिद खान**, प्रधान पति स्वाले मुजाहिदपुर

नहरों की सफाई एवं मरम्मत के नाम पर विभागीय तौर पर औपचारिकता निभाई जाती है। क्षेत्र की नहरें अस्त-व्यस्त हालत में हैं ।जिम्मेदारों को इस ओर अवश्य ध्यान देना चाहिए। **-दुर्गेश मौर्य, जिलाध्यक्ष** भाकियू महात्मा टिकैत

मामला मेरे संज्ञान में आया है सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात कर नहरों की साफ- सफाई एवं मरम्मत कराई जाएगी। **-रत्निका श्रीवास्तव**, एसडीएम बहेड़ी

## बरेली कॉलेज: कचरे में फेंक दिया चॉक का ढेर

**बरेली ,अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के घंटाघर के पास कमरा नंबर नौ के पीछे चॉक का बड़ा ढेर कचरे में पड़ा मिला। कॉलेज प्रशासन को तब पता चला जब कुछ छात्रों ने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। इसके बाद चीफ प्रॉक्टर ने चॉक के ढेर को उठवाकर अपने कार्यालय में रखवा दिया। कॉलेज प्रशासन के अनुसार कमरा नंबर नौ में चॉक का उपयोग कक्षा के दौरान अध्यापक करते हैं। चॉक को इतने बड़े पैमाने पर किसने और क्यों कचरे में फेंका यह स्पष्ट नहीं है। चीफ प्रॉक्टर प्रो . आलोक कुमार खरे ने बताया कि सूचना पर निरीक्षण के लिए टीम भेजी थी और चॉक के ढेर को उठवाकर अपने कार्यालय में रखवा दिया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के संसाधनों का सही उपयोग करना विद्यार्थियों और अध्यापकों की जिम्मेदारी है।

## गन्ने का भुगतान नहीं हुआ तो करेंगे प्रदर्शन

**भदपुरा, अमृत विचार :** बरखेड़ा और भदपुरा के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत सदस्य परमेश्वरीदयाल गंगवार के नेतृत्व में जिला अधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने बताया कि बजाज शुगर मिल बरखेड़ा क्षेत्र के किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नहीं दे रही है । जिस कारण किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। किसानों ने आरोप लगाया मिल की तरफ से किसानों को जो दवा दी जाती है, उसकी कीमत बााजर मूल्य से ज्यादा वसूली जाती है। जैसे की सिटीजन नाम की दवाई की कीमत बाजार में 800 रुपये में, जिससे मिल किसानों को 1300 में दे रही है। काला सोना नाम की दवाई बाजार में 300 रुपये में है, जिसे मिल 600 में दे रही है। किसानों ने यह निर्णय लिया है कि अगर मिल की ओर पूर्ण भुगतान नहीं किया गया तो हम सब किसान चीनी मिल चलने के पहले दिन से ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। चीन मिल बरखेड़ा शुक्रवार को चालू होने वाली है। किसान सुनील पांडे, मानवेंद्र सिंह, महेंद्र पाल, तुलाराम, शिवदयाल, मुन्ना, गोपाली ,रामेश्वर, लेखराज कि भदपुरा में बजाज शुगल मिल के 12 केंद्र है उन पर हम गन्ना नहीं देंगे।



## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक:- बी.के.एस./क्रय/2024-25/1743 दिनांक:- 6/11/2024

**निविदा सूचना**

पेराई सत्र 2024-25 मे निम्न कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से निविदायें अंकित तिथि तक सम्मुख अंकित धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 236/- प्रति निर्धारित मूल्य जमा करने के उपरांत पुन: निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन पर आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी किया जा सकता है।

दिनांक 11.11.2024 (1.) विभिन्न मैन्यूफैक्चरिंग सफाई एवं अन्य कार्य रू. 1000/- (2) ब्वायलिंग हाउस एवं अन्य स्थानों में स्क्रैपिंग व धुलाई कार्य रू. 2000/- (3) विभिन्न 07 फैब्रीकेशन कार्य रू. 5000/-।

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबन्धक


## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से ई -रिक्शा चालक घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर मंगलवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। गांव लोहरनगला निवासी विनोद साहू ई-रिक्शा चलाते है। मंगलवार रात वह ई- रिक्शा लेकर बरेली से घर लौट रहो थे। रात करीब 11 बजे हाईवे के राधाकृष्ण मंदिर तिराहे से कस्बा की ओर मुड़ने पर मीरगंज की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया, चालक का एक हाथ अज्ञात वाहन का पहिया की चपेट में आकर कुचल गया। पुलिस ने एंबुलेंस से विनोद को निजी अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही हैं।

### महिला सिपाही की मुख्यमंत्री और एडीजी से शिकायत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** महिला सिपाही ने आरोपी से मिलकर महिला की शिकायत को एनसीआर में दर्ज करा दिया। इसकी एक्स पर मुख्यमंत्री और एडीजी से शिकायत की गई है। मोहल्ला शेरनगर की एक महिला का कहना है कि कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट कर कुंडल छीन ले गए, उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में एनसीआर दर्ज कर ली है। एनसीआर दर्ज करने पर इस मामले की एक्स पर शिकायत की गई है। जिसमें कहा गया है कि महिला सिपाही ने आरोपी से मिलकर एनसीआर दर्ज की है।

### सड़क हादसे में थाने का कम्प्यूटर आपरेटर घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** थाने में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर की मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, उसे परिजन बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया ।फतेहगंज पूर्वी थाने में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर जितिन कुमार मंगलवार रात को थाने से ड्यूटी करके बाइक से घर जा रहे थे । रास्ते में उनकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे इलाज के लिए एंबुलेंस से भिजवाया। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि जितिन की हालत गंभीर है।

## शादी से 24 दिन पहले प्रेमी के साथ गई युवती

**आंवला, अमृत विचार :** बरात आने के 24 दिन पहले युवती परिवार को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर शादीशुदा युवक के साथ भाग गई। युवती शादी के लिए आए जेवर और नकदी अपने साथ ले गई। युवती की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया उसने बेटी की शादी बदायूं के एक युवक से तय की है। 28 नवंबर को बरात आनी थी, पूरा परिवार शादी की तैयारियों में लग हुआ है। दो दिन पहले रात एक बजे गांव का ही शादीशुदा युवक उसकी बेटी को भगा कर ले गया। उसकी बेटी ने खाने में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। जिससे परिवार के सभी लोग गहरी नींद में सो गए। उसने बताया उसकी बेटी सोने की चेन, सोने की अंगूठी, पाजेब, 63 हजार की नकदी और अपने पिता का मोबाइल साथ ले गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार आरोपी सचिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## मनौना जा रहे ई- रिक्शा चालक को पीटा

**आंवला, अमृत विचार :** बहनों के साथ ई -रिक्शा से मनौना धाम जा रहे एक युवक के साथ बाइक सवार चार लोगों ने मारपीट की और बहनों से छेड़खानी की। पीड़ित ने एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय नगर बरेली निवासी युवक ने बताया दो दिन पहले वह ई -रिक्शा से बहनों के साथ आंवलाहोते हुए मनौना धाम जा रहा था। आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज के समीप एक बाइक पर सवार चार लड़के शराब के नशे में आ रहे थे। उनकी बाइक उसके ई रिक्शा में लग गई। उसने बाइक सवारों से ठीक से चलने को कह दिया। इससे नाराज होकर उन लोगों ने उसे मारापीटा। उसकी बहनों ने बचाने का प्रयास किया तो उनसे छेड़खानी की और कपड़े फाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विक्की और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर-खीरी

**अल्प-कालीन निविदा सूचना**

केवल अनुभवी संविदाकारों से इस मिल समिति में अल्प-कालीन निविदा दिनांक 12.11.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | इंजेक्शन चैनल पर एक नग वर्टिकल पम्प की फाउन्डेशन के निर्माण कार्य। | रू0 3000/- | रू0 118/- |
| 2 | बैलगाड़ी कॉटो की क्षमता विस्तार 10 टन से 30 टन व प्लेटफार्म विस्तार 10x30 फीट कॉटे की फाउन्डेशन का निर्माण कार्य। | रू0 2000/- | रू0 118/- |
| 3 | ऐश पम्प पर फर्श बनाये जाने का निर्माण कार्य। | रू0 2000/- | रू0 118/- |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में मिल से धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में मिल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा। प्रधान प्रबन्धक

## कार्यालय ग्राम पंचायत ओयल देहात विकासखंड बेहजम खीरी

पत्रांक:- मेमो/निविदा/मनरेगा वर्ष 2024- 25 दिनांक:- 6/11/2024

**अति अल्पकालीन निविदा**

जनपद के समस्त पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकासखंड बेहजम वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित सामग्री की दरों की आवश्यकता है आपूर्ति ग्राम पंचायत मद में कराए गए कार्यो पर कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। रजिस्टर्ड इच्छुक फार्म आपूर्तिकर्ता जिनका रजिस्ट्रेशन जीएसटी/इनकम टैक्स में पंजीकृत हो उन्हीं के द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा आमंत्रित की जानी है जिनकी निविदा बिक्री 07/11/24 से 12/11/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में कि जावेगी। जो 13/11/24 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा टेंडर बॉक्स में 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाएंगी। जिन्हें 13/11/24 को अपराहन 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाता व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात समय-समय पर धन राशि की उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति आदेश प्रथक से जारी किए जाएंगे।

| क्र.सं | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | परवन सिंह पुरवा में मुनेश सिंह के मकान से रामखेलावन के मकान के पास तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | आवश्यकता अनुसार | 998557.00/- |

बीना सिंह (ग्राम प्रधान) ग्रा. पं. ओयल देहात बेहजम खीरी | तकनीकी सहायक अजीत सिंह पटेल | सुमन यादव (ग्राम विकास अधिकारी) ग्रा. पं. ओयल देहात बेहजम खीरी

## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक:- बी.के.एस./क्रय/2024-25/1742 दिनांक:- 6/11/2024

**ई-निविदा सूचना**

इस मिल समिति में वर्ष 2024-25 में निम्नलिखित सामानों/कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6.55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6.55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 03:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मिल या तीन गन्ना क्रय केन्द्रों यथा, सुहेला प्रथम, चुर्रासकतपुर अ. व बैरा से गन्ना परिवरहन कार्य। | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 25000/- प्र.क्रय केन्द्र |
| 02. | विभिन्न क्षमता के लोड सेल तथा जक्शन बाक्स की आपूर्ति। | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 10000/- प्र.क्रय केन्द्र |
| 03. | नया विन्डो सर्वर तथा स्पेयर पार्टस | 06.11.2024 | 13.11.2024 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | 3000/- प्र.क्रय केन्द्र |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबन्धक


## श्यामा श्याम के भजनों पर झूम उठे भक्त



**बरेली, अमृत विचार :** श्री राधा संकीर्तन मंडल की ओर से सात शाम श्यामा श्याम के नाम के तृतीय दिवस आनंद आश्रम में मनाया गया। बुधवार रात हुए संकीर्तन की शुरुआत संकीर्तन मंत्री दिनेश शर्मा ने गणेश वंदना से की। महामंत्री अनुज अग्रवाल ने स्वागतम कृष्णा, सुस्वागतम कृष्णा एवं राधा नाम गा लो सहारा मिलेगा से श्री युगल सरकार का आह्वान किया। विवेक अग्रवाल ने मेरे बांके पिया से मिला दो मुझे, पंकज अग्रवाल ने बांके बिहारी मुझको देना सहारा, राजू गुलाटी ने जरा बंसी बजा मोहना हम रास रचाएंगे आदि गीतों से समा बांध दिया। गीतों पर भक्त झूम उठे। रविन्द्र अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, समित अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी रिशुल अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को कार्यक्रम कर्मचारी नगर में शाम 6 बजे से होगा।

## रंगोली प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भौतिकी विभाग में पीजी फोरम के तहत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में स्वाति शर्मा ने प्रथम, पूर्ति शर्मा और सृष्टि सक्सेना ने द्वितीय और अनामिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंजलि, दीक्षा गंगवार और दीपाली वार्ष्णेय ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो . डॉ . स्वदेश सिंह व डॉ ऋतु अग्रवाल रहे। प्रो . डॉ वीपी सिंह, डॉ पीके वर्मा, डॉ सुंदर सिंह, डॉ अविनाश अग्रवाल, डॉ नीरज राठौर, पूजा मालकर, अजहर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग एशिया में रुविवि को मिला स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** एजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय को पहली बार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एशिया 2025 में स्थान मिला है, जिसने एशियाई विश्वविद्यालयों में 901 रैंक हासिल की है। कुलपति प्रो . केपी सिंह ने बताया कि यह रैंकिंग न केवल अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता, बल्कि शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, हमने दक्षिणी एशिया में 292वां स्थान हासिल किया, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत

पत्रांक / दि0 /10/2024

**अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग के द्वारा जो मार्ग वर्षा एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये, आम जनमानस को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 19.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 19.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
2 .

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) | | | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 | 7 |
| 1 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत नॉद से देव स्थल जमुनिया ता0 ईटगॉव सम्पर्क मार्ग प्रथम भाग सम्पर्क मार्ग। | 29.15 | 2.15 | 31.30 | 3.13 | रू0 944.00 | 03 माह | A, B, C & D (Road Work) |
| 2 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत कुरैया खुर्द से मकरन्दपुर सम्पर्क मार्ग। | 25.30 | 1.10 | 26.40 | 2.64 | रू0 944.00 | 03 माह | |
| 3 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत दियोहना मार्ग से आमडंडा वाया पट्टी सम्पर्क मार्ग। | 28.95 | 2.18 | 31.13 | 3.12 | रू0 944.00 | 03 माह | |
| 4 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत परेई पुलिया से उमरिया सम्पर्क मार्ग। | 21.50 | 0.55 | 22.05 | 2.05 | रू0 944.00 | 03 माह | |

3-निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

(एस0के0 जैन) अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लोनिवि, पीलीभीत

UP-221737 दिनांक 05.11.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक 5937 /352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2024-25 दिनांक 24.10.2024

**निविदा सूचना (ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस) प्रथम आमन्त्रण**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में *"सेतु वर्ग"* में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/ खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खीरी/ प्रा0खं0 | जनपद लखीमपुर खीरी में लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग (प्र0जि0मा0-14) के कि0मी0-38 में स्थित कठिना नदी पर पूर्व निर्मित सेतु के तटबन्ध मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य | 83.00 | 6.15 | 2715.00 | 02 Month | A B |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 08.11.2024 से 19.11.2024 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 19.11.2024 को समय अपराहन 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 19.11.2024 को अपराहन 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
लखीमपुर खीरी

(सुभाष चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर।

UP-221756 दिनांक 05.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


## जोड़े को अश्लीलता करते पकड़ा

**फरीदपुर, अमृत विचार :** देर शाम नगर के बीसलपुर रोड पर एक किशोरी को समुदाय विशेष के युवक के साथ देखा जो पहले तो आपस में बातें कर रहे थे और बाद में एकांत में जाकर अश्लील हरकतें करने लगे। सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की हरकत देख भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को पकड़ कर कोतवाली ले आई जहां किशोरी ने थाने पहुंचते ही पुलिस पर ही हावी हो गई और खुद को बालिग बताने लगी, और थाने में हंगामा करने लगी। किशोरी पुलिस को काफी देर गुमराह करती रही और बताया कि वह पूरनपुर से फरीदपुर अपने दोस्त से मिलने आई है जबकि उसके दोस्त नासिर थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव का रहने वाला है और दोनों के पारिवारिक संबंध है जब उसे परिजनों से बात कराने को कहा तो फिर हंगामा करते हुए अपनी आजादी पर पहरा लगाने की वजह पूछते हुए पुलिस से ही सवाल करने लगी। देर रात तक उसका ड्रामा जारी था।

## ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु की मिली सूचना

**भमोरा, अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु पड़ी होने की सूचना पर भमोरा पुलिस ने ट्रैक का निरीक्षण किया, लेकिन कोई ऐसी चीज नहीं मिली। भमोरा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया बुधवार सुबह उन्हें आरपीएफ कंट्रोल रूम से भमोरा और घटपुरी रेलवे ट्रैक के बीच में मेटल की संदिग्ध वस्तु पड़ी होने की सूचना मिली। जिस पर वह टीम लेकर मौके पर पहुंचे और गहनता से रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला उक्त घटना भमोरा थाना क्षेत्र से संबंधित न होकर धमोरा पुलिस चौकी क्षेत्र जिला रामपुर की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया सूचना रामपुर जिले की धमोरा चौकी क्षेत्र से जुड़ा था। कन्फ्यूजन में भमोरा पुलिस को सूचना दे दी थी। फिर भी एहतियात के तौर पर रेलवे ट्रैक को चैक कर क्लीयर किया गया।



## पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती समर सुल्ताना पत्नी श्री नाजिम खान व सैय्यद वासिब अली पुत्र श्री हसनैन मियां, निवासीगण वार्ड नं. 13 आवास विकास कॉलोनी हल्द्वानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड ने एक किता मकान रकबई 67.64 वर्ग मी0 बाके मोहल्ला शाहबाद पर0 तह0 व जिला बरेली को एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर लोन ले रहे हैं, श्रीमती समर सुल्ताना व सैय्यद वासिब अली ने उक्त सम्पत्ति श्रीमती आलिया बेगम पत्नी श्री शब्बू खां से द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 08.04.2024 वही सं0-1 जिल्द संख्या- 15428 पृष्ठ संख्या-295 से 314 क्रमांक 5458 स0र0 बरेली में हुई क्रय की थी। उल्लेखनीय है कि उक्त सम्पत्ति श्रीमती आलिया बेगम पत्नी श्री शब्बू खां ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 07.04.2005 वही सं.-1 जिल्द संख्या-1147 पृष्ठ संख्या- 13 से 26 क्रमांक 2546 स.र. बरेली में हुई इकरारी मोहम्मद तसलीम पुत्र श्री हफीज खां से क्रय की थी, उक्त सम्पत्ति मोहम्मद तस्लीम पुत्र हफीज खां को अपनी समी मां मुसम्मात कामिनी बेगम पत्नी श्री हफीज खां से द्वारा हिबाजुबानी प्राप्त हुई थी जिसको दिनांक 20.09.1988 को लिपिवद्ध करके दिनांक 20.09.1988 को नोटरी किया गया। अब श्रीमती समर सुल्ताना व सैय्यद वासिब अली उक्त सम्पत्ति को एस0एम0एफ0जी0 इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर लोन ले रहे हैं, उक्त सम्पत्ति पर लोन लेने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज, एडवोकेट
कार्यालय:- चैम्बर नं. 11 बड़ा वकालतखाना
सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता

## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत

पत्रांक: एस.एस.ए./आर.टी.ई./6069-70/2024-25 दिनांक: 06.11.2024

**गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के प्रवेश के संबंध में विज्ञप्ति**

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक आर.टी.ई./न.प्र.-02/5623/2024-25 दिनांक 18 सितम्बर 2024 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 982/79-5-2016-29/2009 टी.सी.-11 दिनांक 03 मार्च, 2016, शासनादेश संख्या 78/79-6-2017 दिनांक 20 जनवरी, 2017 एवं पत्रांक 3J/सामु.सह./आर.टी.ई./4960/2016-17 दिनांक 06 फरवरी 2017 के द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अन्तर्गत गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा-01/पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिये जाने की प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी के माध्यम से प्रारम्भ की जानी है, सन्दर्भित शासनादेश के क्रम में वर्ष 2025-26 में प्रवेश हेतु निम्नवत् समय सारिणी नियत् है जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| चरण | आवेदन करने की तिथियां | सत्यापनोपरान्त लॉक करने की अन्तिम तिथि | लॉटरी निकालने की तिथि | प्रवेश कराये जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 01 दिसम्बर 2024 से 19 दिसम्बर 2024 तक | 20 दिसम्बर 2024 से 23 दिसम्बर 2024 तक | 24 दिसम्बर 2024 | 27 दिसम्बर 2024 |
| द्वितीय चरण | 01 जनवरी 2025 से 19 जनवरी 2025 तक | 20 जनवरी 2025 से 23 जनवरी 2025 तक | 24 जनवरी 2025 | 27 जनवरी 2025 |
| तृतीय चरण | 01 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक | 20 फरवरी 2025 से 23 फरवरी 2025 तक | 24 फरवरी 2025 | 27 फरवरी 2025 |
| चतुर्थ चरण | 01 मार्च 2025 से 19 मार्च 2025 तक | 20 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक | 24 मार्च 2025 | 27 मार्च 2025 |

नोट:- 1. समस्त आवेदनों की लॉटरी निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार एक साथ ही रखी जायेगी। 2. ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट www.rte25.upsdc.gov.in पर किया जायेगा। उपरोक्त वेबसाइट पर सुसंगत शासनादेश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है। 3. कूटरचित अभिलेखों/पत्राजातों एवं तथ्यों को छिपाकर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे तथा विधिक कार्यवाही भी की जायेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का स्वयं होगा।

अमित कुमार सिंह
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
पीलीभीत

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बदायूॅ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 9658/7निविदा(सी0डी0-2)(ई-टेण्डर)-08/2024-25 दिनांक 24/10/2024

**अल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायॅू/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, बदायॅू के क्षेत्र के अन्तर्गत जो मार्ग वर्षा एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये हैं, आम जनमानस को सुगम यातयात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 19.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 19.11.2024को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) | | | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवष्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद-बदायॅू में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अंतर्गत बढ़ोभर कुईंया प्र0/द्वि0बिल्सी मार्ग से भरकुईंया मार्ग। | 89.00 | 5.60 | 94.60 | 6.75 | 2714.00 | 05 माह | A & B (Road Work) |
| 2 | जनपद-बदायॅू में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अंतर्गत बदायॅू बरेली मार्ग से दिउरियाजीत सम्पर्क मार्ग। | 50.00 | 3.10 | 53.10 | 4.70 | 2714.00 | 03 माह | A, B & C (Road Work) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(देवपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0,बदायॅू

(के0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायॅू/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

UP-221762 दिनांक 05.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## पंप कर्मियों से लूट में दरोगा समेत 4 पुलिसकर्मी निलंबित

**गजरौला (अमरोहा), अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पेट्रोल पंप के कैशियर के साथ हुई साढे. पांच लाख रुपये की लूट के मामले में हल्का दरोगा, हेड कांस्टेबल और दो कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है। हाईवे किनारे पर एक होटल के पास 4 नवंबर की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे भारत पेट्रोल पंप के कैशियर गांव दरियापुर निवासी जबर सिंह बाइक से सुरक्षा गार्ड सोमपाल सिंह के साथ हसनपुर मार्ग पर एसबीआई में कैश जमा करने जा रहे थे। इसी बीच तीन नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर कैशियर से रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बुधवार को हल्का उपनिरीक्षक संजय कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार और जितेंद्र को निलंबित कर दिया है।

# पड़ोसी की 3 साल की बेटी को कार में भूला लांस नायक, तड़प-तड़पकर मौत

## बच्ची को कार में घुमाने लाया था, कार लॉक करके पार्टी करने चला गया

**मेरठ,एजेंसी**

यहां एक दुखद घटना में कार के अंदर दम घुटने से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। बताया गया कि सेना में तैनात लांस नायक पड़ोसी जवान की 3 साल की बच्ची को कार में घुमाने ले गया था। लांस नायक रास्ते में बच्ची को कार में बैठाकर दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने चला गया।

लांस नायक को बच्ची के बारे में याद नहीं रहा। 4 घंटे तक बच्ची कार में लॉक रही। बाद में दम घुटने से बच्ची ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया- आरोपी लांस


नन्हीं बच्ची वर्तिका।

नायक नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया। चार घंटे तक बच्ची घर नहीं आयी तो नरेश को फोन कर पूछा गया तो उसने बताया कि बच्ची तो कार में है। इसके बाद बच्ची के घरवाले मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कार खोलकर देखा तो बच्ची बेदम पड़ी थी। अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के रिश्तेदार कृष्ण ने बताया- सुबह 10.15 बजे जवान बच्ची को लेकर आर्मी कॉलोनी से निकला। उसे 2 बजे तक बच्ची के कार में होने की बात याद नहीं रही। अगर समय से बच्ची को कार से निकाल लिया गया होता तो बच जाती। मंगलवार को पिता ने कंकरखेड़ा थाने में लांस नायक के खिलाफ बेटी की गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई, तो मामले का खुलासा हुआ।

### हरियाणा के आर्मी जवान की बेटी थी

हरियाणा में जींद सदर थाना के निडानी गांव के सोमबीर पुनिया सेना में सिपाही हैं। सोमबीर मेरठ में आर्म्ड यूनिट में तैनात हैं। वे कंकरखेड़ा के फाजलपुर की राजेश एनक्लेव आर्मी कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी रितु, 6 माह की बेटी भावी और 3 साल की वर्तिका थी। मंगलवार को सोमबीर कंकरखेड़ा थाने पहुंचे। पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर को बेटी वर्तिका घर के बाहर खेल रही थी। क्वॉर्टर के ऊपर रहने वाला लांस नायक हिमाचल प्रदेश निवासी नरेश बेटी को गाड़ी में घुमाने के लिए ले गया। नरेश बच्ची को लेकर रोहटा रोड पहुंचा, उसे गाड़ी में छोड़कर दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने चला गया।

## 10 माह की बच्ची के पेट से 3.5 किलो का ट्यूमर निकाला

**कानपुर, अमृत विचार :** हैलट अस्पताल में 10 माह की बच्ची के पेट से डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर साढ़े 3 किलो का ट्यूमर निकाला, जो बच्ची की किडनी में था। वह लिवर, आंत व तिल्ली से चिपका हुआ था।

डॉक्टरों ने अत्याधुनिक विधि से ऑपरेशन कर न सिर्फ बच्ची की जान बचाई, बल्कि उसके अंगों को भी सुरक्षित रखा। जूही लाल कॉलोनी निवासी शकीना की 10 माह की बेटी पेट में गांठ की समस्या से पीड़ित थी। कई जगह दिखाने के बाद परिजन 11 अक्टूबर को बेटी को लेकर हैलट पहुंचे और ओपीडी में वरिष्ठ बाल रोग सर्जन डॉ.आरके त्रिपाठी से परामर्श लिया। डॉक्टर ने बच्ची को अपनी यूनिट में भर्ती किया। डॉ.आरके त्रिपाठी ने बताया कि जांचों के बाद 14 अक्टूबर को अत्याधुनिक विधि से ऑपरेशन कर बच्ची के पेट से साढ़े 3 किलो का ट्यूमर निकाला।

## सार-संक्षेप

### झगड़े में 3 साल के बच्चे की गोली लगने से मौत

**जलालाबाद/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बिजली का तार काटने से सबमर्सिबल पंप बंद हो जाने पर तीन भाइयों में झगड़े के बीच एक भाई ने तमंचे से दूसरे भाई पर फायर कर दिया। गोली वहीं खड़े तीन साल के भतीजे को लगी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी तमंचा लेकर भाग गया। थाना क्षेत्र के गांव नगरिया भूड़ निवासी शिवरतन का भाई बलराम बिजली का काम करता है। बुधवार शाम बलराम ठेकेदार से काम करने के रुपयों की बात कर रहा था। तीसरे भाई सुखदेव ने डेक बजा दी जिससे बात करने में व्यवधान होने लगा। बलराम ने गुस्से में बिजली का तार काट दिया जिससे डेक और सबमर्सिबल पंप भी बंद हो गया। उस समय शिवरतन की पत्नी नहा रही थी। तीनों भाइयों में कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि बलराम छत पर गया और तमंचे से सुखदेव पर फायर कर दिया। सुखदेव तो बच गया मगर वहीं खड़े शिवरतन के तीन साल के बेटे आदित्य के गोली लग गई। मेडिकल कालेज में डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### वृद्धा की कंडे के बटिहा में जलकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कंडे के बटिहा में जलकर वृद्धा की मौत हो गयी। बंडा क्षेत्र के गांव उगनापुर निवासी जागेश्वर के मकान के सामने कंडे रखने के लिए बटिहा है। उसे पुआल से ढक दिया था। मंगलवार की रात नौ बजे उसकी मां ललकोरा (70) कमरे में सोने चली गईं। सुबह पांच बजे उसे मां की चीख सुनाई दीं तो बाहर की ओर दौड़ा। देखा कि बटिहा और पुआल में आग लगी हुई थी और मां भी जल रही थी। उसके शोर मचाने पर गांव वाले एकत्रित हो गए और आग को बुझाया। वह गंभीर रूप से झुलसी मां को सीएचसी ले गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बटिहा और पुआल में आग कैसे लगी पुलिस जांच कर रही है।

### बेटे के प्रेम विवाह की रंजिश में बाप को मार डाला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर के गांव फत्तेपुर में ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। उसके मुंह में कपड़ा ठुंसा था और गले में लोअर की डोर कसी थी। परिवार वालों ने बेटे से प्रेम विवाह करने वाली युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगा तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है। गांव फत्तेपुर निवासी मोबीन बुधवार की सुबह करीब पांच बजे शौच करने के लिए खेतों की तरफ गया था। सुबह छह बजे ग्रामीणों ने उसका शव नीम के पेड़ से लटका देखा तो घरवालों को जानकारी दी। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के मुंह में कपड़ा ठुंसा था और गले में लोअर की डोर (नारा) कसा था। चप्पलें अलग-अलग स्थानों पर पड़ी थीं। पानी का डिब्बा लुढ़का हुआ था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्यारों ने मोबीन को दौड़ाकर पकड़ लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को फंदे से लटका दिया।

### पहले ही दिन किशनपुर सेंचुरी में दिखा बाघ

**पलिया कलां, अमृत विचार :** किशनपुर वन्य जीव विहार का मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने हवन -पूजन कर शुभारंभ किया। पहले दिन ही सैलानियों को किशनपुर सेंचुरी में बाघ के दीदार हो गए। इससे सैलानी खुशी से उछल पड़े। दुधवा नेशनल पार्क व किशनपुर सेंच्युरी बुधवार से पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। नवीन पर्यटन सत्र के पहले दिन दुधवा में सैलानियों को बाघ के दर्शन नहीं हो पाए, लेकिन किशनपुर सेंचुरी में सैलानियों को पहले दिन ही बाघ दिखने से वे खुशी से झूम उठे। उन्होंने उसके चित्र को अपने कमरे में भी कैद किया। दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंच्युरी ने के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि भी की है।

### महाकुंभ से पहले चमकते नजर आएंगे हाईवे, सड़कें

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ से पहले रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा की लगातार मॉनीटरिंग की जाएगी। कुंभ में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों बेहतर अनुभव देने के लिए टोल प्लाजा की सुंदरता बढ़ायी जाएगी। इतना ही नहीं टोल प्लाजा स्टाफ की भी बिहेवियरल ट्रेनिंग कराई जाएगी ताकि वह सभी आने वालों से विनम्रता से पेश आएं। दरअसल, राज्य सरकार का जोर महाकुंभ के अवसर को ऐतिहासिक बनाने पर है। इसी क्रम में हाईवे से लेकर प्रयागराज सिटी को जोड़ने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी हाईवे और सिटी को जोड़ने वाली सड़कों को चमकाने में जुट गए हैं।

### मारपीट करने वाला सपा नेता गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर साथियों के साथ मिलकर युवक से मारपीट करने वाले सपा नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं इस मामले में सांसद रुचि वीरा ने प्रेसवार्ता कर कहा है कि आरोपी अब्दुल गनी उनका पीआरओ नहीं है, वह सिर्फ सपा कार्यकर्ता है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के सचिन देव कालोनी निवासी फरहान सरताज का गांव रसूलपुर नंगला में भूखंड है। मंगलवार को सुबह मोहल्ले के लोगों ने फरहान को बताया कि उसके प्लाट पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। सूचना पर फरहान मौके पर पहुंचा तो वहां मौजूद अब्दुल गनी निवासी ख्वाजा नगरी व उजैब निवासी नवाबपुर थाना नागफनी अपने 5 साथियों के साथ मौजूद थे। पीड़ित ने प्लाट पर कब्जे का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

## युवक ने 4 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

**कांट/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मां के साथ सो रही चार वर्षीया बच्ची को युवक उठा ले गया और ट्यूबवेल पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को घर में नहीं देख परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घर से एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल पर बच्ची खून से लथपथ मिली। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एसपी ने मौका मुआयना कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कांट क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीया बच्ची मंगलवार रात मां के साथ सो रही थी। रात लगभग तीन बजे पिता लघुशंका के लिए उठे। वापस आकर देखा तो बच्ची बिस्तर पर नहीं थी। उसने पत्नी व अन्य परिजनों से पूछा, पता न चलने पर सब बच्ची की तलाश में जुट गए। घर से लगभग एक किलोमीटर दूर ट्यूबवेल पर पहुंचे तो वहां बच्ची बदहवास मिली। गुप्तांग से खून बहता देख उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उधर, ट्यूबवेल से कुछ दूर परिजनों ने एक युवक राजाराम को पकड़ा। वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसे पुलिस के हवाले कर पिता ने तहरीर दी कि आरोपी उनकी बेटी को घर से उठाकर ट्यूबवेल पर ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की।

## असलहे के बट से मारकर सर्राफा व्यापारी से लूट

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार सर्राफा व्यापारी को कार सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर असलहे की बट से मारकर आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया गया है। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगा दी है। घायल व्यापारी ने बताया कि उसके 14 से 15 लाख के आभूषण लूटे गए हैं। वही रात करीब 9 बजे आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे।

## सेवानिवृत्त जज की बेटी को 10वें माले से फेंका, मौत

**संवाददाता, लखनऊ**

- शादी के बाद से पति कर रहा था प्रताड़ित, विरोध पर सेवानिवृत्त जज के साथ भी की मारपीट

**अमृत विचारः** वृंदावन कालोनी के अरावली एन्क्लेव के 10वें माले से सेवानिवृत्त जज की बेटी प्रीति (42) की बुधवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर मौत हो गई। पिता का आरोप है कि बैंककर्मी दामाद ने प्रीति को बेरहमी से पीटा और फिर बालकनी से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पीजीआई इंस्पेक्टर रविशंकर त्रिपाठी ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर जांच की। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपों की जांच की जा रही है।

गोमतीनगर निवासी सेवानिवृत्त जज शारदा प्रताप तिवारी ने बताया कि बेटी प्रीति की शादी 29 नवंबर 2012 को रविंद्र कुमार द्विवेदी से हुई थी। परिवार में 11 साल का बेटा विश्वम और 3 साल का आंजनेय हैं। पंजाब नेशनल बैंक में लॉ ऑफिसर रविंद्र अरावली अपार्टमेंट के चौथे माले पर रहता था। शाम करीब 6 बजे नाती विश्वम और गार्ड ने प्रीति की मौत की सूचना दी। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही आए दिन रविंद्र रुपयों की मांग करता था। मांग न पूरी होने पर बेटी को प्रताड़ित करता था। वे हर माह पहली तारीख को 10 हजार रुपये खाते में भेज देता था। अगर कभी देरी होती तो वह फोन पर गाली-गलौज करता था। इसके बाद उसने रुपये भेजना भी बंद कर दिया था।

### रविंद्र पर है 80 लाख रुपये का लोन

प्रीति के पिता सेवानिवृत्त जज शारदा प्रताप तिवारी ने कहा कि मंगलवार को बेटी ने फोन कर बताया था कि रविंद्र ने बहुत पीटा है। फ्लैट का 80 लाख रुपये लोन है। गोमतीनगर विस्तार वाला प्लॉट बेचकर लोन को खत्म करवा दीजिए। इसके बाद फोन काट दिया था। जब वे पत्नी इंदिरा के साथ मौके पर पहुंचे तो रविंद्र ने उनके साथ भी मारपीट की थी। वे बेटी के लिए कुछ कर पाते कि बुधवार शाम को उनको सूचना मिली कि प्रीति की मौत हो गई है।

## सीएसजेएमयू को क्यूएस एशिया रैंकिंग में स्थान

**कानपुर, अमृत विचार :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर ने क्यूएस एशिया और क्यूएस साउथ एशिया रैंकिंग में पहली बार स्थान बनाया है। एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार सीएसजेएमयू एशियाई विश्वविद्यालयों में 801-850 के बैंड में है। दक्षिण एशिया क्षेत्र में विश्वविद्यालय का 263वां स्थान है। नैक ए प्लस प्लस और एनआईआरएफ के बाद विश्वविद्यालय के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# खेत की जुताई के दौरान मिले सैकड़ों साल पुराने हथियार

**संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** निगोही के गांव ढकिया तिवारी में खेत की जुताई के दौरान हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें बंदूकों की 11 नालें और 20 तलवारें मिली हैं। बंदूकों में गजाही बंदूकों की नाल भी बताई जा रही है। पुलिस ने हथियारों को कब्जे में ले लिया है। सूचना तिलहर एसडीएम के साथ ही पुरातत्व विभाग को दी गई है। यह क्षेत्र कभी रुहेला सरदारों के राज्य का हिस्सा था।

गांव ढकिया तिवारी निवासी


हथियारों के बारे में जानकारी करती निगोही पुलिस। ● अमृत विचार

बाबूराम भोजवाल बुधवार सुबह अपने खेत की बैलों से जुताई कर रहे थे, तभी हल जमीन में दबे लोहे के टुकड़े से टकरा गया। बाबूराम ने खोदा तो वहां बंदूक की नाल निकली। और नाल दिखाई दीं तो उन्होंने फावड़े से खोदना शुरू किया। करीब तीन की फिट गहराई में 11 नाल, 20 तलवारें, एक बल्लम और एक भुजाली मिली। हथियारों का इतना बड़ा जखीरा मिलने पर बाबूराम अचरज में पड़े गए।

उन्होंने पूर्व प्रधान ओमवीर को बताया। ओमवीर ने निगोही थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने गांव पहुंचकर जंक लगे हथियारों को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि हथियारों को देख कर लग रहा है कि यह 100-200 वर्ष से अधिक पुराने हैं। इसकी सूचना पुरातत्व विभाग को दे दी गई है।

### रुहेला सरदारों के राज्य का हिस्सा रहा यह क्षेत्र

बड़े-बुजुर्गों ने बताया कि यह क्षेत्र रुहेला सरदारों के राज्य का हिस्सा रहा है। रुहेला सरदार 12 भाई थे, जो दूसरे राजा से हुई लड़ाई में मारे गए थे और इनके एक वफादार कुत्ते की भी हत्या कर दी गई थी। इन 12 भाइयों और कुत्ते की मजार निगोही कस्बे में गांजर वाली जगह पर है। जिस स्थान पर हथियार मिले हैं, वहां से इस इस स्थान की दूरी लगभग चार किलोमीटर है।

## उत्तराखंड

## राष्ट्रीय खेलों की तिथि पर आईओए की अंतिम मुहर

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों की आयोजन तिथि पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। तिथि का औपचारिक एलान कर दिया गया है। अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें नेशनल गेम्स यहां होंगे। संघ की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विधिवत एक पत्र के माध्यम से यह सूचना दी गई है। आईओए ने पांच विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया है। बता दें कि बीते माह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संघ की अध्यक्ष डॉ पीटी उषा से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तारीख घोषित किए जाने का अनुरोध किया था।

# गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष व प्रबंधक पर रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- कोषाध्यक्ष ने लगाया गबन करने का आरोप
- न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** गुरुनानक शिक्षा समिति का विवाद आखिरकार मुकदमेबाजी तक जा पहुंचा। समिति के कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष व प्रबंधक पर गबन करने का आरोप लगाया और न्यायालय में याचिका डालकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मुंडिया खुर्द बिलासपुर निवासी अमर दीप सिंह ने बताया कि वह गुरुनानक शिक्षा समिति का आजीवन सदस्य है और समिति में कोषाध्यक्ष है। बताया कि समिति का संयुक्त खाता केनरा बैंक में संचालित है। आरोप था कि शिक्षा के समिति के अध्यक्ष दिलराज सिंह निवासी बिगवाड़ा और प्रबंधक गुरमीत ने एक कर्मचारी पूरन पांडेय के साथ मिल कर साजिश के तहत एक मई 2021 से एक दिसंबर 2022 तक 113 चेकों का प्रयोग कर 31.26 लाख रुपये का गबन कर समिति का पैसा हड़प लिया। इसकी सूचना किसी को नहीं दी, जबकि वह समिति का कोषाध्यक्ष है। कई बार सेल्फ के चेकों का प्रयोग किया गया। जब वह बैंक में डिटेल लेने गया तो गबन का खुलासा हुआ। 19 अगस्त को पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि पुलिस जांच रिपोर्ट के अनुसार एक अप्रैल 2022 से दिसंबर 2022 तक 17 लाख रुपये निकाला जाना वर्णित है। साथ ही बाकी की रकम जमा कराना दिखाया गया है, जबकि वास्तव में 31 लाख से अधिक का गबन हुआ है। कई बार पुलिस से कार्रवाई की मांग की। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई,तो याचिकाकर्ता ने न्यायालय में याचिका दायर की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले में जांच की जा रही है।

## सालाना प्रवास पर पहुंची आइबिसबिल


कोसी नदी में दिखी दुर्लभ आइबिसबिल।

**रामनगर, अमृत विचार :** हजारों मील का सफर तय करने के साथ ही दुर्लभ प्रजाति की पक्षी आइबिसबिल पक्षी अपने सालाना प्रवास में पहुंच चुकी है। वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने एक आइबिसबिल को अपने कैमरे में कैद किया है। दीप रजवार ने बताया कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों की नदियों में बर्फ जमने के कारण ये पक्षी कम ठंडे वाले स्थानों को रुख करते हैं। जहां इन्हें भोजन की कमी नहीं होती है। ये हल्की गति से बहने वाली नदियों की धाराओं के पास ठिकाना बनाती हैं।

# विजिलेंस के रडार पर 6 रिश्वतखोर अफसर

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मलाईदार पदों पर रहकर बेहिसाब संपत्ति जुटाने वाले अफसरों के अच्छे दिन जाने वाले हैं। कुमाऊं के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे रहे ऐसे 6 अफसर विजिलेंस के रडार पर हैं, जिन्होंने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इन सभी के खिलाफ विजिलेंस की खुली जांच चल रही है। सूत्र बताते हैं कि विजिलेंस को इन सभी के खिलाफ पुख्ता सुबूत मिले हैं।

बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले के आरोपी तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी व सेवानिवृत जनजाति निदेशालय के उपनिदेशक अनुराग शंखधर पहले ही विजिलेंस की जांच में फंस चुकी है। जांच में विजिलेंस को अनुराग की संपत्ति आय से 54 प्रतिशत अधिक मिली है। जबकि ऊधमसिंहनगर के जिला सहकारी बैंक से सेवानिवृत्त हुए बैंक प्रबंधक राकेश कुमार सोनी की संपत्ति आय से 42 प्रतिशत अधिक मिल है। दोनों की आय से अधिक संपत्ति की जांच हल्द्वानी सेक्टर की विजिलेंस ने की है।

इन दोनों के खिलाफ विजिलेंस के हल्द्वानी थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज हो चुकी है। वहीं ताजा मामलों में बताया जा रहा है कि कुमाऊं के विभिन्न जिलों में तैनात छह अधिकारियों की संपत्ति की खुली जांच चल रही है। इसमें चार अधिकारी नैनीताल जिले के हैं। ये अधिकारी प्रशासनिक, परिवहन व राजस्व विभाग में अहम पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। खुली जांच की रिपोर्ट दोबारा शासन को भेजी जाएगी। जांच रिपोर्ट के आडिट के बाद ही विजिलेंस डायरेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी तय करेगी कि एफआईआर होनी है या नहीं।

### पहली पोस्टिंग से लेकर अब तक हिसाब होगा

**हल्द्वानी :** जिन छह अधिकारियों के खिलाफ विजिलेंस खुली जांच कर रही है उनके एक-एक रुपये का हिसाब-किताब किया जा रहा है। यानी अधिकारियों को नौकरी मिलने के बाद पहली पोस्टिंग से लेकर अब तक उन्हें तनखाह के तौर पर कितने पैसे मिले और अब उनके पास कितने पैसे हैं। पैसों के अलावा उनके या उनके परिवार के नाम पर कितनी चल-अचल संपत्तियां हैं। इसकी पुष्टि के लिए विजिलेंस ने अधिकारियों के बैंक खातों, बीमा, राजस्व आदि विभागों से ब्यौरा मांगा है।

## संदिग्ध हालत में गोली लगने से एनएसजी कमांडो की मौत

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचार :** बिंदुखत्ता निवासी एनएसजी कमांडो की दिल्ली में गोली लगने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। बिंदुखत्ता के खैरानी नंबर दो निवासी नरेंद्र सिंह भंडारी (30) एनएसजी कमांडो थे। इन दिनों दिल्ली में पोस्टिंग थी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक बीते रोज सांय 6-7 बजे दिल्ली में फायर ड्रिल के दौरान गोली लगने से नरेंद्र की मौत हो गई। एनएसजी दस्ता नरेंद्र के पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर देर रात यहां पहुंचा। नरेंद्र पूर्व में कुमाऊं रेजिमेंट के अंतर्गत जम्मू कश्मीर में तैनात थे। बाद में उनका चयन कमांडो के लिए हो गया। 19 नवंबर को नरेंद्र की शादी लोहाघाट निवासी युवती से होनी थी। जिसके कार्ड भी बंट चुके हैं। छोटी बहन हीरा भंडारी व मां माधवी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।


नरेन्द्र सिंह भंडारी।

## मधुमक्खियों के हमले में छात्र सहित तीन घायल

**खटीमा, अमृत विचार :** डिग्री कॉलेज रोड पर मधुमक्खियों के हमले की चपेट में आने से स्कूली छात्र सहित तीन लोग घायल हो गए। बुधवार को दिन में डिग्री कॉलेज रोड पर मधुमक्खियों का एक झुंड आ गया। इसी दौरान आदर्श कालोनी निवासी छात्र आशीष पर मधुमक्खियां टूट पड़ीं और वह चिल्लाने लगा। आसपास के लोगों ने धुआं कर और कंबल डाल आशीष को बचाने की कोशिश की लेकिन मधुमक्खियों ने उसे बुरी तरह से काट लिया। राहगीरों ने छात्र को अस्पताल पहुंचाया।

# ग्रामीण बैंक का पूर्व शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**संवाददाता, बाजपुर**

- 1.75 करोड़ के ऋण स्वीकृति में बरती गई थी लापरवाही, घोखाघड़ी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की बरहैनी शाखा में करीब 1.75 करोड़ रुपये के डेरी टर्म व केसीसी ऋण स्वीकृति में बरती गई लापरवाही एवं धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार किया है।

मूल रूप से रूद्र विहार कालोनी कंदवा गेट गणेशपुर डीएलडब्लू वाराणसी उप्र निवासी रवि शेखर गुप्ता (तत्कालीन शाखा प्रबंधक उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा बरहैनी बाजपुर) ने चार मई 2024 को कोतवाली बाजपुर में तहरीर दी थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि पूर्व शाखा प्रबंधकों दिनेश सिंह रावत व कृष्ण कुमार चौरसिया ने वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक विभिन्न तिथियों में बैंक के नियमों के विपरीत बिना आवश्यक कागजात व प्रपत्रों को जांच-परख 141 किसान सावधि ऋण/केसीसी ऋण तथा अन्य सरकारी योजनाओं के तहत स्वीकृति प्रदान करते हुए इस ऋण को स्वयं तथा एजेंट ग्राम तोता बेरिया भगवानगला निवासी सुरेंद्र सिंह, बांसखेड़ा काशीपुर निवासी खुशमीन जहां को लाभ पहुंचाया गया जिससे बैंक को करीब एक करोड़, 78 लाख, 54 हजार 313 रुपये के लोकधन की धोखाधड़ी व गबन किया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोतवाली बाजपुर में धारा 409/420 आईपीसी के अंतर्गत प्राथमिकी पंजीकृत कर ली थी। विवेचना कर रहे एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने इस अभियोग में धारा 467/468/471/120बी की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस टीम ने बुधवार को वांछित आरोपित पूर्व शाखा प्रबंधक ग्राम जलथ पोस्ट राथी थाना मुन्स्यारी जिला पिथौरागढ़ निवासी दिनेश सिंह रावत को देहरादून से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

## 275 ग्राम स्मैक के साथ बरेली के दो तस्कर पकड़े गए

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने दो अंतर्राज्यीय स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर 275 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरेली से सीमावर्ती पुलभट्टा इलाके में स्मैक सप्लाई की जा रही थी।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व यूपी बॉर्डर पुलभट्टा से स्मैक की एक बड़ी खेप आने का इनपुट मिला था। जिसको लेकर थानाध्यक्ष पुलभट्टा रविंद्र सिंह बिष्ट और एएनटीएफ उपनिरीक्षक विनोद चंद्र जोशी टीम के साथ सुरागरसी में लगे थे। 5 नवंबर की रात्रि सूचना मिली कि दो तस्कर खेप लेकर पहुंच चुके हैं। जिस पर टीम ने बरेली रोड पुलभट्टा इलाके में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पैदल आ रहे तीन लोगों को पुलिस ने टोका तो वे भागने लगे, टीम ने ग्राम नूरपुर विजरुक बिसारत गंज (बरेली) निवासी वीरपाल सिंह और ग्राम किनौना कुंडलिया फैलज्जापुर अलीगंज (बरेली) निवासी शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनका तीसरा साथी किनौना (बरेली) निवासी चंद्रसेन भागने में सफल रहा।

## पंचायत भवनों से फैमिली आईडी का होगा प्रचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** नियोजन विभाग की योजना एक परिवार एक पहचान (फैमिली आईडी) का प्रचार अब पंचायती राज विभाग करेगा। पंचायत भवनों में पोस्टर, बैनर व फ्लैक्स आदि लगाए जाएंगे। इससे वहां आने वाले ग्रामीणों को योजना की जानकारी हो सकेगी और आवेदन कर सकेंगे। नियोजना विभाग ने लाभार्थीपरक योजनाओं में पारदर्शिता, सरलता और बेहतर प्रबंधन को लेकर फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना संचालित की है। राशन कार्ड धारक परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आइडी है। जबकि गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी बनाई जा रही है।

### ईपीएफओ ने किया फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच

# घर बैठे ही जमा कर सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



> इपीएफओ ने पेंशनर्स द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जमा करने के लिए फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) लांच किया है। एफएटी आधारित डीएलसी का उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाना है। यह तकनीक ऐसे बुजुर्ग पेंशनर्स को सहायता प्रदान करती है जो बैंक और डाकघर आदि में शारीरिक रूप से जाने में अक्षम हैं। –प्रतीश सिंह, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वितीय

**अमृत विचार:** जीवन प्रमाण पत्र देने के लिए अब लोगों को सरकारी विभागों में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। घर बैठे ही लोग अपने प्रमाण पत्र को जमा कर सकेंगे। इसके लिए ईपीएफओ ने फेशियल ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) एप लांच किया है।

फेस टेक्नोलॉजी पर आधारित इस एप के माध्यम सभी पेंशनर्स अपने स्मार्ट फोन का उपयोग कर अपने घर से ही अपना प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए फोन पर कुछ चीजों पर अमल करना होगा। पेंशनर्स के पास 5 एमपी वाला फ्रंट कैमरा होना चाहिए। इसके बाद प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी एप और जीवन प्रमाण पत्र फेस एप्लीकेशन डाउनलोड कर इंस्टाल करना होगा। प्रमाणीकरण के लिए पेंशनर्स अपना चेहरा स्कैन करें और अपना विवरण भरें। फ्रंट कैमरा से फोटोग्राफ खींचकर सबमिट करना होगा। सबमिट होने के बाद मोबाइल पर डीएलसी, प्रमाण आईडी और पीपीओ नंबर सहित डाउनलोड करने के लिए लिंक प्राप्त होगा। इसका मतलब होगा कि आपका जीवन प्रमाण पत्र अब जमा हो चुका है।

अब तक वृद्धा पेंशन, पूर्व पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, विधवा व बाल पेंशन, नामांकित पेंशन, आश्रित माता व पिता को पेंशन, अनाथ पेंशन के लिए लोगों को बैंक, डाकघर, सामान्य सेवा केन्द्र और भविष्य कर्मचारी निधि संगठन जाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करना पड़ता था। प्रस्तुत होने के बाद यह एक वर्ष तक के लिए वैध रहता है। पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए तमाम जगहों के चक्कर काटने पड़ते थे। बुजुर्गों को अपना डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) बनवाने के लिए बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। इसी को देखते हुए ईपीएफओ ने अब इसे सुविधा जनक बनाते हुए मोबाइल से सरल प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है।

## आयुष पीजी की तीसरी काउंसलिंग 11 से, 16 को सीट आवंटन

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी कॉलेजों में रिक्त परास्नातक (पीजी) सीटों पर दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम मौका 11 नवंबर से मिलेगा, तीसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू होगी, 16 नवंबर को सीट आवंटन किया जाएगा। आयुष पीजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं निदेशक यूनानी प्रो.जमाल अख्तर ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसलिंग चल रही है। दाखिले के बाद भी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 11 नवंबर से पंजीकरण शुरू होगा, 13 व 14 नवंबर में दस्तावेजों का सत्यापन कर पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

# भाजपाइयों की भाषणबाजी से किसान परेशानः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। अगर काटने बांटने की भाषणबाजी और पॉलिटिकल पर्यटन से मुख्यमंत्री को फुर्सत मिले तो अपने गृह जिले समेत पूरे राज्य में डीएपी बंटवा दें, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा। भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान हैं।

सपा प्रमुख ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था किन्तु उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौतें हो गई फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के निदान के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उसका भी कहीं अता-पता नहीं है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं। खेती में हमेशा घाटा ही रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विरोध किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं। सरकारी धांधली के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

### अयोध्या की जीत के बाद कहीं भी हराना असंभव नहीं: सपा प्रमुख



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या की जीत के दिखा दिया है कि कुछ भी असंभव नहीं है। इसलिए सपाईयों के लिए सुनहरा मौका है कि भाजपा के सबसे बड़े शहरी गढ़ गाजियाबाद में उसे हराए। सोशल मीडिसा एक्स पर बुधवार को उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में हर वर्ग परेशान है, भ्रष्टाचार और महंगाई का शिकार हैं। हम लोग भाजपा के मतदाताओं से कहेंगे कि इस बार तार्किक रूप से सोचविचार का मतदान करे, परिवर्तन के लिए मतदान करे।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग व लोड की जांच में मिली कई खामियां

### उप्र. पावर कॉरपोरेशन ने भेजा तीन निजी कंपनियों को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाये जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग, स्वीकृत भार व समय के गलत ढंग से रिकॉर्ड होने की आशंका बन गई है। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की जांच में मीटर में कई खामियां पाई गई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस जारी की गई है।

जिन निजी कंपनियों को नोटिस दी गई है, उसमें पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर शामिल हैं। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में



निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं। कॉरपोरेशन के निदेशक कमर्शियल निधि कुमार नारंग ने तीनों कंपनियों के सीईओ को नोटिस भेजते हुए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कमियों में तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया है। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, जांच में मीटर के पावर फैक्टर गलत रिकॉर्ड करने की आशंका व्यक्त की गई है। प्रदेश में अभी तक लगभग दो लाख 75 हजार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। ऐसे में इन मीटरों से उपभोक्ताओं को दिक्कतें होने की आशंका बन गई है।

### कंपनियों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाईः उपभोक्ता परिषद

उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि परिषद की ओर से पहले ही इन मीटरों में खामियों की आशंका व्यक्त की गई थी। इस पर कॉरपोरेशन ने जांच के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी टीम का गठन किया था। उन्होंने इन कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मतदाताओं के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 से


**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव की नौ सीटों को छोड़कर प्रदेश में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 नवंबर से शुरू होगा। बीएलओ मतदान बूथ पर सभी आवश्यक फार्म के साथ उपस्थित रहकर लोगों की सहायता करेंगें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश की कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए सभी तैयारियां शुरु हो गईं है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 19 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही थी और अब उनके सेवानिवृत होने के कारण एक नई पीठ का गठन होना है, जिसके लिए न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ को नामित किया गया है। बेंच (पीठ) में बदलाव के कारण आज इस मामले की सुनवाई टाल दी गई है। अब नई पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई आगामी 19 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी खारिज कर दी थी और इस मामले से संबंधित सभी 15 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने का फैसला दिया था।



11 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट ने मौजूदा विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ लाने का निर्देश दिया था। इन सभी मुकदमों में मथुरा के कटरा केशव देव मंदिर के 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शाही ईदगाह परिसर पर कब्जा करने और वहां स्थित वर्तमान संरचना को ध्वस्त करने की मांग शामिल है। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था और उपरोक्त फैसले को चुनौती दी गई थी, लेकिन कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी को खारिज करते हुए सभी मुकदमों पर एक साथ सुनवाई को उचित ठहराया।

### महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी



**लखनऊ, अमृत विचार :** दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम महाकुंभ 2025 में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बाकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालोंको स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं। महाकुंभ के दौरान देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।

## कानपुर में जिलाधिकारी कंपाउंड में मिली हत्यारोपी की बाइक

**कानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस निवासी शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता हत्याकांड में बुधवार को एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

हत्यारोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी की बाइक पिछले चार माह से जिलाधिकारी कंपाउंड के अंदर खड़ी है। इसकी जानकारी जिलाधिकारी की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को नहीं है या वह लोग जानकर भी पूरी तरह से नजरअंदाज किए हुए हैं। कोतवाली पुलिस हत्यारोपी को 48 घंटे की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। विवेचक धर्मेंद्र कुमार जिम ट्रेनर को कस्टडी रिमांड पर लेने जिला कारागार पहुंचे। इस बीच मीडिया कर्मियों को सूचना मिली कि पुलिस टीम विमल को लेकर जिलाधिकारी कंपाउंड स्थित घटनास्थल पहुंची तो मीडियाकर्मी भी वहां पहुंचे। वहां उन्होंने विमल की बाइक खड़ी देखी।

## नोटिस से पूर्व सर्वेक्षण किया या नहींः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में लखनऊ बेंच ने की सुनवाई

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं।

न्यायालय ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए, मामले में अगली सुनावायी के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है। वहीं सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवायी के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते, उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है।

# 67 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 67 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके



- जनवरी 2025 में हो सकती है डीपीसी

अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्लिन ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकान्त त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

### इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाए।


## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



### वर्ग पहेली -243 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू -157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

### सुडोकू - 156 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00 .34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 .47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**वृष** – आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन** – आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क** – आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।

**सिंह** – आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** – आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।

**धनु** – आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**मकर** – आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।

**कुंभ** – आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।

**मीन** – आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
हिरासत – सुबह : 08 .17
मि. नटवरलाल – शाम : 06 .23

**&pictures**
एक विवाह ऐसा भी – सुबह : 11.07
कोई...मिल गया – रात : 08 .00

**Sony Pix**
इट चैप्टर 2 – सुबह : 10 .31
2012 – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
बिजनेसमैन 2 – सुबह : 10 .08
खिचड़ी 2 – रात : 08 .00

**Zee Action**
फूल और अंगार – सुबह : 10 .49
जलजला – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं , अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2415, राज श्री 1930, फ़ॉर्चून कि. 2335, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2155, जय जवान 2065, सचिन 2130, सूरज 2090, अवसर 2170, राग गोल्ड 2275, गृहणी ली 2165, क्लासिक (किलो) 2250, मोर 2260, चक्र टिन 2185, ब्लू 2335, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2385 । **किराना–(प्रतिकु.)** हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000–21000, धनिया 8500–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । **चावल–(प्रति कु0)** डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4700, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 80900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 79900 |
| सिल्वर पक्की) | 955 (अनुमानित) |

# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

मुंबई, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।

- टाइटन इंडसइंड बैंक हिंदुस्तान यूनिलीवर एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट



सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

# जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।



- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक

# मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

# भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है।

सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

- रूबीकॉन रिसर्च के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे

# इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने ईआईसीएमए के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम अधिक किफायती खंड में भी उत्पाद उतारेंगे।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

- बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं

पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम सात नवंबर तक खुला रहेगा।



## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। च्तम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### आज नौसेना अभियानों का अवलोकन करेंगी राष्ट्रपति

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा तट पर स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर नौसेना के अभियानों को देखेंगी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आईएनएस हंस (गोवा स्थित नौसेना वायु अड्डा) पर मुर्मू की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रपति के सम्मान में 150 जवानों द्वारा औपचारिक सलामी गारद दी जाएगी।

# बजरंग बली पसंद नहीं तो जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं

## महाराष्ट्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा- आखिर भारत में कौन है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। वहां अमरावती की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जहां महाअघाड़ी को महाअनाड़ी गठबंधन बताया वहीं, यह भी कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अमरावती, महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए। • एजेंसी

मुख्यमंत्री सूचना परिसर लखनऊ से साझा की गई खबर के मुताबिक, योगी ने वहां कहा कि चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। योगी के अनुसार, महाअनाड़ी गठबंधन भारत और भारतीयता के सम्मान व स्वाभिमान के साथ खेलने वाला है। कांग्रेस और एनसीपी के लोग कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करने वालों को भी अब राम याद आने लग गए।

### अब तो मौलवी भी राम-राम कह रहेः योगी

चुनावी जनसभा में योगी ने बताया कि वे जम्मू-कश्मीर चुनाव में जम्मू एयरपोर्ट पर उतरे तो एक मौलवी ने राम-राम किया, मैं समझा नहीं, फिर उसने कहा कि योगी जी राम-राम। यह देख एयरपोर्ट के अधिकारी भौचक हुए तो मैंने कहा कि आश्चर्य न कीजिए, यह धारा-370 हटने का इफेक्ट है।

### वे पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए आंसू बहाते हैं

योगी ने कहा कि भारत में जब भी पर्व-त्योहार या शोभायात्रा निकलती है तो कुछ लोग गर्व व श्रद्धा की बजाय पाकिस्तान का झंडा लहराते दिखाई देते हैं। भारत की चिंता करने की बजाय पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं। भारत के अंदर हमारे लिए सिर्फ राष्ट्रधर्म होना चाहिए। योगी ने यह भी कहा कि जब भी देश में संकट आता है तो कांग्रेस के नेता बाहर जाकर पिकनिक मनाते हैं। संकट के समय राहुल गांधी भारत में नहीं, इटली में होते हैं।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

- अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग बंटोगे तो कटोगे की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं। अकबरुद्दीन ओवैसी ने कहा, भीड़ द्वारा हत्या, घर वापसी, टोपी और दाढ़ी पर बहस और हिंदू-मुस्लिम के बीच भेद - क्या ऐसी चीजें देश को कमजोर नहीं बनाती हैं?

# सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।



- एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

# सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद गवाह को मिली धमकी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद को एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। इकबाल शेख बाबा सिद्दीकी के कार्यालय में काम करता था और जब वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या की गयी, तब वह वहां मौजूद था। एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन करके धमकी दी। उसने खार थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कहा है कि प्रथम दृष्टया उन्हें घटना में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने का संदेह है।

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है।





- कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं लाल रंग की संविधान की प्रति

### राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह जानकारी दी गई कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही जनहित याचिका पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। याचिकाकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कनार्टक इकाई के कार्यकर्ता ने जब कहा कि उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि पीठ कोई विरोधाभासी आदेश पारित करना नहीं चाहती।

# महिलाओं को 3,000 रुपये प्रतिमाह देने का वादा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने बुधवार को राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपये देने और राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा का वादा किया। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं। एमवीए के अनुसार कृषि समृद्धि योजना के तहत किसानों का तीन लाख रुपये तक का कर्ज माफ किया जाएगा और फसल ऋण के नियमित भुगतान के लिए प्रोत्साहन के रूप में 50,000 रुपये दिए जाएंगे। एमवीए ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले यह घोषणा की।

- महा विकास आघाडी ने महिलाओं को राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा का भी वादा किया

बीकेसी मैदान में एमवीए के शीर्ष नेताओं की एक सभा में बेरोजगार युवाओं के लिए 4,000 रुपये प्रति माह भत्ता, 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा और निशुल्क दवाएं देने समेत की गारंटियों की घोषणा की गई। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना-राकांपा सरकार फिलहाल अपनी प्रमुख लाडकी बहिन योजना के तहत पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह का भुगतान कर रही है और उसने सत्ता में बने रहने पर इस राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का वादा किया है। एमवीए ने यह भी वादा किया कि यदि वह सत्ता में आया तो राज्य में जाति आधारित गणना कराई जाएगी और केंद्र में सत्ता में आने पर आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मौके पर कहा कि देश की वर्तमान राजनीति आरएसएस/भाजपा और विपक्षी गठबंधन इंडिया की विचारधाराओं के बीच लड़ाई है। पवार ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर भी चिंता व्यक्त की और दावा किया कि राज्य में 40,000 महिलाएं लापता हैं। शिवसेना अध्यक्ष (यूबीटी) उद्धव ठाकरे ने बेरोजगार युवाओं के लिए 4,000 रुपये भत्ते की घोषणा करते हुए कहा कि लोगों से सांस लेने पर भी टैक्स लिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ धारावी ही नहीं बल्कि पूरे मुंबई को अदाणी को देना चाहती है।

# अभिषेक बनर्जी बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैंः तृणमूल नेता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने बुधवार को संकेत दिए कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैं। विपक्षी दलों ने घोष के इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी और सत्तारूढ़ दल पर वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। घोष ने फेसबुक पोस्ट में कहा, अभिषेक बनर्जी ने कम उम्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर दी है।

# त्योहारों में शांति सुनिश्चित करें : कलकत्ता हाईकोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन के दौरान राज्य के सभी इलाकों में शांति बनी रहे। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के, पूरे हर्षोल्लास के साथ, त्योहारों का जश्न मनाएं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के राजाबाजार और नारकेलडांगा में भीड़ ने कुछ वर्गों के लोगों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया।

# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

दुबई, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमश: 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15–21, 21–12, 21–15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11–4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0–1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1–1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी–20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी–20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी–20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी–20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ–साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड–बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर–बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी–20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- शृंखला में शमी के बिना 20 विकेट लेना भारत के लिए चुनौती

दुबई, एजेंसी

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार शृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई शृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट शृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली शृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।



### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ

- बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया
- कोको बोलीं- स्वियाटेक के साथ खेलना मेरे लिए काफी कठिन



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

## साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

मिलान, एजेंसी

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी लिवरपूल की शानदार जीत

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5–1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2–0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

## रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर–कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर–कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

## पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक–एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी–सीरीज का म्यूजिक है।

## अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़,तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।



# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

सिडनी, एजेंसी

- डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, मुकदमों पर अब सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और हैरिस में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।


पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।


वर्ष 2020 में अहमदाबाद में मोदी ने ट्रंप को गले लगाकर स्वागत किया था।

### भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी – अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है।

## दूसरे कार्यकाल में ले सकते हैं बड़े निर्णय

**आव्रजन** : ट्रंप के 2016 के अभियान का नारा दीवार बनाओ इतिहास में सबसे बड़ा सामूहिक निर्वासन कार्यक्रम बन गया है। ट्रंप ने इस बारे में बहुत कम जानकारी दी है कि यह कार्यक्रम कैसा होगा और कैसे सुनिश्चित करेंगे कि यह केवल अवैध रूप से अमेरिका में रहने वाले लोगों को लक्षित करे। उनका दृष्टिकोण न केवल अवैध प्रवास पर नकेल कसेगा, बल्कि कुल मिलाकर आव्रजन को कम करेगा।

**कर:** ट्रंप की कर नीतियां व्यापक रूप से निगमों और धनवान अमेरिकियों की ओर झुकाव वाली लगती हैं। ऐसा मुख्य रूप से उनके 2017 के कर सुधार को आगे बढ़ाने के वादे के कारण है, जिसमें कॉर्पोरेट आयकर दर को मौजूदा 21 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने जैसे कुछ उल्लेखनीय बदलाव शामिल हैं। इसमें जो बाइडन द्वारा सबसे धनी अमेरिकियों पर आयकर बढ़ोतरी को वापस लेना भी शामिल है।

**गर्भपात** : ट्रंप ने गर्भपात को दूसरे कार्यकाल की प्राथमिकता के रूप में ज्यादा तवज्जो नहीं दी है, हालांकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गर्भपात के लिए एक महिला के संघीय अधिकार को समाप्त करने और गर्भपात विनियमन राज्य सरकारों को वापस करने का श्रेय लिया है। ट्रंप के आग्रह पर, जीओपी के मंच पर पिछले कुछ दशकों में पहली बार गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने का आह्वान नहीं किया गया है।

**व्यापार व शुल्क:** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर ट्रंप का रुख विश्व बाजारों पर अविश्वास का है क्योंकि उनके मुताबिक वे अमेरिकी हितों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने विदेशी वस्तुओं पर 10 से 20 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। भाषणों में उन्होंने इससे भी अधिक प्रतिशत का उल्लेख किया है। उन्होंने चीनी खरीदारों द्वारा अमेरिका में किसी भी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे' की खरीद पर रोक का संकल्प व्यक्त किया है।

**राष्ट्रीय रक्षा और दुनिया में अमेरिका की भूमिका** : विश्व मामलों में ट्रंप की बयानबाजी और नीतिगत दृष्टिकोण कूटनीतिक रूप से पृथकतावादी, सैन्य तौर पर गैर हस्तक्षेपवादी और आर्थिक दृष्टि से संरक्षणवादी है, जैसा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अमेरिका रहा है। उन्होंने सेना के विस्तार का वादा किया। ट्रंप का जोर इस बात पर रहा है कि वह यूक्रेन में रूस के युद्ध और इजराइल-हमास युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ऐसा वह कैसे करेंगे।

**विनियमन, संघीय नौकरशाही और राष्ट्रपति के अधिकार:** ट्रंप आर्थिक क्षेत्रों में संघीय नौकरशाहों और विनियमों की भूमिका को कम करना चाहते हैं। सभी विनियामक कटौतियों को एक आर्थिक जादू की छड़ी के रूप में पेश करते हैं। उन्होंने जीवाश्म ईंधन उत्पादन में बाधाओं को दूर करके अमेरिकी घरों के बिलों में भारी गिरावट का वादा किया है। विनियमों में कटौती करके आवास निर्माण को बढ़ावा देने का वादा किया है।

**जलवायु और ऊर्जा:** ट्रंप, जो यह झूठा दावा करते हैं कि जलवायु परिवर्तन एक धोखा है, जीवाश्म ईंधन पर अमेरिकी निर्भरता को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को लेकर बाइडन प्रशासन में किए गए खर्च की आलोचना करते हैं। वह एक ऊर्जा नीति और परिवहन अवसंरचना व्यय का प्रस्ताव करते हैं जो जीवाश्म ईंधन पर आधारित हो।

**एलजीबीटीक्यू और नागरिक अधिकार:** ट्रंप ने विविधता पर सामाजिक जोर को वापस लेने और एलजीबीटीक्यू नागरिकों के लिए कानूनी सुरक्षा का आह्वान किया है। ट्रंप ने संघीय निधि का लाभ उठाकर सरकारी संस्थानों में विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों को समाप्त करने का आह्वान किया है।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य पहली उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं – इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं।



### चुनाव हारने के बाद कमला के पैतृक गांव में उदासी की स्थिति

**तिरुवरूर।** राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के हारने के बाद तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले में स्थित पैतृक थुलसेंद्रपुरम गांव में उदासी का माहौल छाया हुआ है, क्योंकि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मामूली हार हुई है। ग्रामीणों ने जीत के लिए प्रार्थना करते हुए उनके लिए विशेष पूजा का आयोजन किया था।

## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10 :30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0 .05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42 .6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11 .4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10 .6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

**बेरूत, एजेंसी**

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों



### हिजबुल्ला ने इजराइल पर 120 रॉकेट दागे, कई घायल

**यरूशलम।** हिजबुल्ला ने बुधवार को उत्तरी और मध्य इजराइल में लगभग 120 रॉकेट दागे, जिससे लोग घायल हुए और नुकसान हुआ। इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान की ओर से 15 मिनट के अंदर लगभग 50 रॉकेटों ने उत्तरी इजराइल के ऊपरी गलील में कई स्थानों पर हमला किया, जिनमें से कुछ को रोक दिया गया।

## हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देश भर में प्रदर्शन

**यरुशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।


रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।


प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

## भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

**ढाका, एजेंसी**

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

## भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

**संवाददाता, नैनीताल**

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है। नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।


बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

**नैनीताल** : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।